दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष–44, अंक 335
कोटद्वार मंगलवार
18 अप्रैल 2023, पृष्ठ–8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

# बाघ की दहशत बरकार, प्रशासन ने लगाया रात्रि कर्फ्यू



- रिखणीखाल व धुमाकोट क्षेत्र में सांय 7 से सुबह 6 बजे तक लगा रात्रि कर्फ्यू
- बाघ प्रभावित क्षेत्र के विद्यालयों/आंगनबाड़ी केन्द्रों में 8 अप्रैल तक दो दिवसीय अवकाश घोषित
- डीएम ने तहसीलदार रिखणीखाल और धुमाकोट को अग्रिम आदेश तक प्रभावित क्षेत्र में किया तैनात

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल ने तहसील रिखणीखाल एवं धुमाकोट के बाघ प्रभावित क्षेत्रों में सांय 7 बजे से प्रातः 6 बजे तक रात्रि कर्फ्यू लगाने का आदेश जारी किया है। साथ ही बाघ प्रभावित क्षेत्र के विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में 8 अप्रैल तक दो दिवसीय अवकाश घोषित किया है। डीएम ने तहसीलदार रिखणीखाल एवं धुमाकोट को अग्रिम आदेश तक बाघ प्रभावित क्षेत्र में तैनात रहने के निर्देश दिये है।

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने तहसील रिखणीखाल, धुमाकोट के क्षेत्रान्तर्गत 13 अप्रैल एवं 15 अप्रैल 2023 को बाघ के हमले के दृष्टिगत तहसील रिखणीखाल क्षेत्रान्तर्गत ग्राम डल्ला, पट्टी पैनो-4 मेलघार क्वीराली, तोल्यू, गाडियू, जुई, द्वारी, काण्डा, कोटडी एवं तहसील धुमाकोट क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ख्यूणाई तल्ली, ख्यूणाई मल्ली, ख्यूणाई बिचली, उम्टा, सिमली मल्ली, चमाडा, सिमली तल्ली, घोडकन्द मल्ला, घोडकन्द तल्ला, काण्डी तल्ली, काण्डी मल्ली, मन्दियार गांव, खडेत, गूम, बेलम, क्षेत्रान्तर्गत रात्री कर्फ्यू लगाये जाने आदेश दिये है। उन्होंने कहा कि बाघ द्वारा हमला किये जाने से दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गयी है, जिस कारण स्थानीय जनता में भय का माहौल व्याप्त है तथा बाघ द्वारा पुनः हमला किये जाने की प्रबल सम्भावना है। रात्रि के समय स्थानीय जनता के अनावश्यक घर से बाहर न निकले इसके दृष्टिगत अग्रिम आदेशों तक सांय 7 बजे से प्रातः 6 बजे तक कर्फ्यू लगाया जाता है। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने तहसील धुमाकोट के ग्राम भैडगांव एवं उसके आसपास के निकटवर्ती क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त होने व विद्यालय जाने वाले बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत स्थिति सामान्य होने तक ग्राम भैडगांव पट्टी बूंगी-3 तहसील धुमाकोट क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ख्यूणाई तल्ली, ख्यूणाई मल्ली, ख्यूणाई बिचली, उम्टा, सिमली मल्ली, चमाडा, सिमली तल्ली, घोडकन्द मल्ला, घोड़कन्द तल्ला, काण्डी तल्ली, काण्डी मल्ली, मन्दियार गांव, खडेत, गूम बेलग, क्षेत्रान्तर्गत विद्यालयों/आंगनबाड़ी केन्द्रों में तथा तहसील रिखणीखाल अन्तर्गत ग्राम डल्ला, पटटी पैनो-4, मेलधार, क्वीराली, तोल्यां, गाडियूं, जुई, द्वारी, काण्डा, कोटडी आदि क्षेत्रान्तर्गत विद्यालयों/आंगनबाड़ी केन्द्रों में 17 एवं 18 अप्रैल, 2023 को दो दिवसीय अवकाश घोषित किया है। डीएम ने तहसीलदार रिखणीखाल, धुमाकोट को अग्रिम आदेशो तक प्रभावित क्षेत्र में तैनात किये जाने के निर्देश दिये है।

## मुख्य पशु चिकित्साधिकारी करेगें चारे की व्यवस्था

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी पौड़ी को निर्देशित किया कि बाघ से प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामीणों के मवेशियों के लिए अग्रिम आदेशों तक चारापत्ती की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। तहसील रिखणीखाल, धुमाकोट क्षेत्रान्तर्गत बाघ द्वारा हमला किये जाने के कारण स्थानीय जनता में भय का माहौल व्याप्त होने के दृष्टिगत ग्राम वासियों को अपने पशुओं के लिये जंगल से चारा-पत्ती लाने में बाघ का खतरा बना हुआ है। ग्रामवासियों द्वारा घर पर ही चारा-पत्ती उपलब्ध कराये जाने हेतु अनुरोध पर जिलाधिकारी ने प्रभावित क्षेत्रों में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी पौड़ी को निर्देशित किया कि पशुओं के चारापत्ती की व्यवस्था करना सुनिश्चित करेगें।

## भारी बर्फबारी ने रोके महाराष्ट्र के ट्रैकरों के कदम, महज 200 मीटर दूर से लौटना पड़ा वापस

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी में केदारताल ट्रैक पर निकला महाराष्ट्र के पर्यटकों का दल अत्याधिक बर्फबारी के कारण ट्रैक पूरा नहीं कर पाया। केदारताल महज 200 मीटर दूर ही रह गया था लेकिन बर्फ के कारण चलना मुश्किल हो गया था। ऐसे में दल ने लौटने का फैसला लिया। बीते 10 अप्रैल को महाराष्ट्र के 11 पर्यटक माउंट हाई विंड ट्रैकिंग एंड माउंटेनियरिंग एजेंसी के सहयोग से केदारताल ट्रैक पर रवाना हुए थे जो पहले दिन गंगोत्री पहुंचे। यहां से दल ने 18 किमी की दूरी पर 4700 मीटर की ऊंचाई पर स्थित केदारताल के लिए ट्रैकिंग की लेकिन भोजखरक के बाद केदारखरक पहुंचते ही भारी मात्रा में बर्फबारी शुरू हुई। माउंटेनियरिंग एजेंसी के संचालक जयेंद्र राणा ने बताया कि दल ने बर्फबारी के कारण लौटने का फैसला किया। 11 सदस्यीय दल के साथ 2 गाइड, 10 पोर्टर भी शामिल थे।

## बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति में पहली बार मिली वित्त अधिकारी की नियुक्ति को मंजूरी

**देहरादून ।** बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) में पहली बार वित्त अधिकारी की नियुक्ति के लिए शासन से मंजूरी मिल गई है। सोमवार को इस संबंध में सचिव धर्मस्व हरिचंद्र सेमवाल ने आदेश जारी किए हैं। अस्थायी तौर पर वित्त अधिकारी की नियुक्ति शासन से की जाएगी।

मंदिर समिति ने वित्तीय कार्यों में पारदर्शिता के लिए वित्त अधिकारी की नियुक्ति का प्रस्ताव शासन को भेजा था। जिसपर शासन ने बीकेटीसी में वित्त अधिकारी का पद सृजित करने की मंजूरी दे दी है। बीकेटीसी में अभी तक वित्त अधिकारी की नियुक्ति नहीं हुई थी। कुछ माह पूर्व बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने वित्तीय पारदर्शिता के मद्देनजर शासन को पत्र लिखकर वित्त अधिकारी की तैनाती का आग्रह किया था। जल्द ही शासन की ओर से इस पर तैनाती के आदेश जारी किए जाएंगे। वित्त अधिकारी को वेतन व भत्ते का भुगतान मंदिर समिति के माध्यम से किया जाएगा।

## सीओ चकबंदी कार्यालय में विजिलेंस का छापा, पेशकार को आठ हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा

**रुड़की, एजेंसी।** रुड़की में सोमवार को विजिलेंस की टीम ने सीओ चकबंदी के दफ्तर में छापा मारा। इस दौरान टीम ने सीओ के पेशकार को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। विजिलेंस की टीम बंद कमरे में पेशकार से पूछताछ कर रही है।

बताया जा रहा है कि पेशकार ने एक ग्रामीण से उसका काम करने के लिए आठ हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने विजिलेंस से की थी।

शिकायत पर विजिलेंस ने शाम करीब साढ़े चार बजे पेश-कार राजेंद्र चौहान को रंगे हाथ

# पूर्वी भारत में जारी रहेगा लू का सितम

**उत्तर–पश्चिमी इलाकों को जल्द मिलेगी राहत; आईएमडी का अलर्ट**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में गर्मी का मौसम अभी शुरू ही हुआ है और लोग तेज धूप और लू से त्रस्त हो गए हैं। इस बीच मौसम विभाग ने सोमवार को गर्मी और लू को लेकर नया अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक, देश के कई हिस्सों में गर्मी अपना असली रूप दिखाएगी तो कुछ इलाके बारिश की वजह से राहत महसूस करेंगे। मौसम विभाग ने बताया कि पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में अगले चार दिनों तक लू के आसार हैं। इसके अलावा देश के उत्तर–पश्चिम क्षेत्र दो दिन तक लू की चपेट में रहेंगे। हालांकि, इसके बाद इन इलाकों के लोगों को कुछ राहत मिलने लगेगी।

मौसम विभाग के मुताबिक, गंगा की तटीय क्षेत्रों से लगा पश्चिम बंगाल और बिहार अगले चार दिनों तक लू से तपेगा। सिक्किम, ओडिशा और झारखंड में भी अगले दो से तीन दिनों तक लू का प्रकोप जारी रहेगा। मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि 17 अप्रैल को पंजाब और हरियाणा लू से तपेंगे। 18 अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलग–अलग इलाकों में गर्मी लोगों को परेशान करेगी। 18–19 अप्रैल को पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी गर्मी का प्रकोप रहेगा।इसके अलावा बीते चार दिनों से आंध्र प्रदेश में तो तीन दिनों से बिहार में लू की स्थिति है।

विभाग की मानें तो पश्चिमी हिमालय के क्षेत्रों में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो जाएगा, इस वजह से देश के उत्तर–पश्चिम इलाकों में तपती गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है।हालांकि, लू और गर्मी की भविष्यवाणी के अलावा मौसम विभाग ने कुछ क्षेत्रों के लिए राहत भरी जानकारी भी दी है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान में 18–20 अप्रैल को छुटपुट बारिश हो सकती है।

# उत्तराखण्ड की उन्नति के होंगे आने वाले दस वर्ष : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री और पूर्व राज्यपाल ने किया भाऊराव देवरस सभागार का लोकार्पण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आने वाले 10 वर्ष उत्तराखण्ड की उन्नति के होंगे। उन्होंने इसके लिये सभी विभाग को विकास के लक्ष्य निर्धारित कर उस दिशा में कार्य करने को कहा। कहा कि विकास की दृष्टि से उत्तराखण्ड को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करना हमारा लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने छात्र–छात्राओं से अपेक्षा की कि वे अपने जीवन में जो भी लक्ष्य चुनें उसमें पूर्ण मनोयोग से कार्य करें। यदि हम किसी कार्य को पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा से करते हैं, तो उसमें सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने कहा कि जो भी अपना कार्यक्षेत्र चुनें, उसमें लीडर की भूमिका में रहें।



सीएम पुष्कर सिंह धामी एवं पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते हुए।

सोमवार को विकासखण्ड कनालीछीना के मुवानी में शेर सिंह कार्की सरस्वती विहार विद्यालय में भाऊराव देवरस सभागार का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विद्यालय के विस्तार के लिये 50 लाख की धनराशि, रामगंगा में मोटर पुल के निर्माण तथा मुवानी महाविद्यालय की सड़क का डामरीकरण किये जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025 तक उत्तराखण्ड को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं, इसके लिए खेल, शिक्षा, पर्यटन, उद्योग आदि प्रमुख विभागों की नई नीतियां बनाई गई हैं, इसमें स्वरोजगार की योजनाओं को प्रमुखता दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पलायन जैसी समस्या के निराकरण के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। युवाओं के हित में विभिन्न विभागों की स्वरोजगार परक नीतियां बनाई गई है।

हमारा प्रयास अपने युवाओं की क्षमता का उपयोग राज्य हित में किये जाने का है। इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने अपने संबोधन में शेर सिंह कार्की द्वारा समाज हित में किये जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए विद्यालय को आदर्श विद्यालय बनाये जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि विद्यालय की अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिये मुंबई वासियों द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है। कार्यक्रम में सांसद अजय टम्टा, विधायक डीडीहाट बिशन सिंह चुफाल, विधायक गंगोलीहाट फकीर राम, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती दीपिका बोहरा, जिलाधिकारी रीना जोशी, पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह व अन्य उपस्थित रहे।

**'यूपी में एनकाउंटर आम बात', टीएमसी सुप्रीमो बोलीं**

# ध्रुवीकरण की राजनीति करती है भाजपा

**कोलकाता, एजेंसी ।** माफिया से राजनेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हत्या के बाद विपक्षी नेता भाजपा पर हमलावर हैं। इस बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर इसे लेकर हमला बोला है। उन्होंने सोमवार को तंज कसते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए एनकाउंटर आम बात हो गई है। भगवा पार्टी पर आरोप लगाते हुए टीएमसी सुप्रीमो ने कहा कि अगर पश्चिम बंगाल में कुछ होता है तो वे (भाजपा) केंद्रीय एजेंसियों को भेजते हैं, लेकिन यूपी के लिए ऐसा नहीं है। भाजपा का डबल इंजन दोयम दर्जे का है।



अतीक–अशरफ हत्याकांड और उत्तर प्रदेश में होने वाले एनकाउंटरों को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि यूपी के लोगों को इन मुठभेड़ों का विरोध करना चाहिए। इस दौरान उन्होंने हाल ही में पश्चिम बंगाल में अमित शाह द्वारा दिए गए बयान पर भी पलटवार किया। गृहमंत्री शाह पर हमला बोलते हुए ममता ने कहा कि शाह का कहना है कि पश्चिम बंगाल सरकार 2025 से आगे नहीं चलेगी। क्या संविधान बदला जा रहा है?

गृहमंत्री शाह से इस्तीफे की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की रक्षा करने के बजाय गृह मंत्री अमित शाह मेरी सरकार को गिराने की साजिश कर रहे हैं। समय से पहले मेरी सरकार गिरने की धमकी देने के लिए गृह मंत्री अमित शाह को इस्तीफा दे देना चाहिए।

भाजपा पर ध्रुवीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए पश्चिम बंगाल की सीएम ने आगे कहा कि जब भी चुनाव होते हैं, भाजपा समुदायों का ध्रुवीकरण करने वाली टिप्पणी करती है। उनकी पार्टी के विधायकों के खिलाफ एक के बाद एक हो रही केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई को लेकर भी उन्होंने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि टीएमसी विधायकों को सुनियोजित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। वहीं, भाजपा में गलत काम करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही। ऐसे में न्यायपालिका ही देश को बचा सकती है। आगे बोलते हुए उन्होंने विपक्षी एकता की भी बात की। ममता बनर्जी ने कहा कि अगर सभी पार्टियां एकजुट हो गईं तो भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव हार जाएगी।

ममता बनर्जी ने यह भी कहा कि डबल इंजन सरकार की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी के मानदंड भी दोहरे ही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वे बंगाल में एनआरसी या सीएए लागू नहीं होने देंगी।

# चिट्ठी आएगी हड़कंप मचाएगी

## सीलबंद लिफाफे में कैद अतीक–अशरफ की हत्या का राज, उट योगी और उखकके पास पहुंचेगी

**प्रयागराज , एजेसी।** अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ हत्याकांड ने न केवल यूपी बल्कि देश की राजनीति को गरमा दिया है। दोनों की हत्या को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर है तो सरकार मामले के लिए जांच टीम गठित कर चुकी है। इस बीच चर्चा है कि जल्द ही अशरफ की एक गुप्त चिट्ठी मुख्य न्यायधीश और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास पहुंच सकती है, इसमें उसका नाम है जिसने अशरफ और अतीक पर हमला करवाया। दरअसल इस बात को और मजबूती तब मिली जब अतीक के वकील विजय मिश्रा ने कहा कि जल्द ही योगी आदित्यनाथ के पास एक सीलबंद चिट्ठी पहुंचेगी। इसमें अतीक और अशरफ को मरवाने वाले का नाम लिखा होगा। अश-रफ मुझसे बोला था अगर उसकी हत्या हो जाती है तो यह बंद लिफाफा चीफ जस्टिस और सीएम योगी आदित्यनाथ पास पहुंच जाएगा।



बीते 29 मार्च को अशरफ को पुलिस एक मुकदमे की पेशी के दौरान प्रयागराज में थी। इसके बाद वह वापस आधी रात को बरेली जिला पहुंचता है। इस दौरान अशरफ ने पत्रकारों से कहा था कि एक पुलिस अधिकारी ने उसको धमकी दी है कि अगले दो सप्ताह में हत्या कर दी जाएगी। ऐसा हुआ तो उस अधिकारी का नाम लिखा बंद लिफाफा अदालत के सामने खुलेगा। हाईकोर्ट का आदेश है कि किसी भी केस की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कराई जा सकती है। फिर भी उसे और उसके भाई को जेल से निकाला गया। जेल में हत्या की आशंका को लेकर अशरफ ने कहा था कि मुझे जेल में नहीं बल्कि बाहर खतरा है और अंत में हुआ भी वही।

उमेश पाल हत्याकांड में पूछताछ के लिए रिमांड पर लिए गए माफिया अतीक अहमद और अशरफ ही हत्या पुलिस की लापरवाही का नतीजा मानी जा रही है। उसकी तरफ से हर कदम पर चूक हुई। साबरमती जेल से माफिया अतीक और बरेली जेल से लाए गए अशरफ को कस्टडी रिमांड पर लिए जाने के बाद सुरक्षा की अनदेखी से कई सवाल खड़े हो गए हैं। रिमांड के दौरान जहां, माफिया और उसके भाई के वकील को भी सौ मीटर दूर रहने की इजाजत कोर्ट ने दी थी, वहां मेडिकल मुआयने से पहले अस्पताल गेट पर मीडियाकर्मियों को सवाल करने की छूट कैसे दी गई? इसका जवाब ढूंढ़ा जा रहा है।

जिस माफिया अतीक की पेशी के दौरान सुरक्षा में एक हजार से अधिक पुलिस–पीएसी और आरएएफ के जवान लगाए जा रहे थे, जेल से बायोमीट्रिक लॉक वाली प्रिजन वैन में लाया जाता था, उसे दो दिन से धूमनगंज पुलिस थाने की साधारण जीप में लेकर घूमती रही। इतना ही नहीं उमेश पाल हत्याकांड में प्रयुक्त असलहों की बरामदगी के लिए कसारी–मसारी के जंगल में भी पुलिस अतीक–अशरफ को लेकर जीप से ही टहलती देखी गई। इस दौरान एक ही हथकड़ी की चेन में दोनों भाइयों के हाथ बांध कर घुमाया जाता रहा।

सीजेएम कोर्ट ने दोनों की रिमांड मंजूर करते हुए अपने आदेश में लिखा है कि न्यायिक अभिरक्षा से विवेचक की पुलिस कस्टडी में लेने से पहले और फिर पुलिस अभिरक्षा से न्यायिक अभिरक्षा में सौंपते समय दोनों का चिकित्सकीय परीक्षण और कोरोना जांच कराई जाएगी। लेकिन, तीन दिन से लगातार रात को पुलिस चिकित्सकीय परीक्षण के लिए लेकर अतीक–अशरफ को पहुंचती रही।

# पाक नेशनल असेंबली के स्पीकर ने सुप्रीम कोर्ट को दी चेतावनी

इस्लामाबाद , एजेंसी, एजेंसी। पाकिस्तान नेशनल असेंबली के स्पीकर राजा परवेज अशरफ ने संसद के क्षेत्र में घुसपैठ के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट को चेतावनी देते हुए कहा है कि अन्य लोग भी आपके डोमेन में प्रवेश करने की कोशिश करेंगे। एक अमेरिकी मीडिया आउटलेट के साथ एक साक्षात्कार में, अशरफ ने कहा कि उन्हें (उच्च न्यायपालिका को) अपना काम संभालना चाहिए।अशरफ ने कहा कि अगर संसद को सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय की इच्छा के अनुसार अपने विधायी अधिकार का उपयोग करना है तो चुनावों का तमाशा समाप्त हो जाना चाहिए।मुख्य न्यायाधीश की शक्तियों को कम करने वाले विधेयक के कानून बनने से पहले ही उसे लागू करने से रोकने वाले शीर्ष अदालत के फैसले का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, आप लोगों के चुने हुए प्रतिनिधियों के दायरे में कैसे आ सकते हैं? अब जब आप आ गए हैं, अन्य लोग भी आपके अधिकार क्षेत्र में प्रवेश करने का प्रयास करेंगे।उन्होंने कहा कि जहां शीर्ष अदालत को सभी पक्षों को सुनना चाहिए, वहीं सरकार को भी कठोरता से दूर रहना चाहिए, राजनीतिक मामलों को कभी भी अदालत में नहीं ले जाना चाहिए क्योंकि यह न केवल राजनीति को नुकसान पहुंचाता है

# ज्ञानवापी से जुड़े सात मामलों की अब एक साथ होगी सुनवाई

**वाराणसी , एजेंसी।** वाराणसी के बहुचर्चित ज्ञानवापी–मां श्रृंगार गौरी से जुड़े सभी सात मामलों की सुनवाई अब एक साथ होगी। संबंधित प्रार्थना पत्र पर सोमवार को जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने आदेश सुनाया। मां श्रृंगार गौरी प्रकरण की चार वादिनी लक्ष्मी देवी, सीता साहू, मंजू व्यास और रेखा पाठक की ओर से कोर्ट में आवेदन दिया गया और कहा गया था कि किरन सिंह विसेन व अन्य की ओर से ज्ञानवापी–मां श्रृंगार गौरी के संबंध में दाखिल मुकदमों को जिला जज की कोर्ट में स्थानांतरित कर एक साथ सुना जाए। इस अर्जी पर सभी पक्षों की दलील सुनने के बाद आदेश के लिए तिथि तय कर दी गई थी। लक्ष्मी देवी, सीता साहू, मंजू व्यास और रेखा पाठक के अधिवक्ता सुभाष नंदन चतुर्वेदी, सुधीर त्रिपाठी ने मामलों की सुनवाई एक साथ किए जाने के पक्ष में अपनी बात रखी थी।

# एल्बेंडाजोल की गोली बच्चों के लिए सुरक्षित : डॉ. रावत




## चमोली जिले में 1 लाख 10 हजार 7 सौ बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमा रावत ने राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोपेश्वर में बच्चों को कृमि नाशक दवा खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि जनपद चमोली में सोमवार को कुल 1,10,747 बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया। जो बच्चे सोमवार को दवा खाने से छूट जाएंगे उन्हें 20 अप्रैल बृहस्पतिवार को दवा खिलाई जाएगी।

डॉ. उमा रावत ने बताया कि 1 से 5 वर्ष के बच्चों को यह दवा आंगनबाड़ी केन्द्रों, 6 से 19 वर्ष तक के किशोर, किशोरियों को यह दवा स्कूलों में खिलाई जा रही है। गैर पंजीकृत और स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों, किशोर किशोरियों को यह दवा आंगनबाड़ी केंद्र पर खिलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि एल्बेंडाजोल की गोली बच्चों के लिए सुरक्षित दवा है। दवा स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों में शिक्षकों एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के निगरानी में खिलाई जा रही है। बच्चों में कृमि नियंत्रण से सीधे फायदे खून की कमी में सुधार, बेहतर पोषण, सीखने की क्षमता में सुधार लाने में मदद, भविष्य में कार्य क्षमता और औसत आय में बढ़ोतरी व वातावरण में कृमि की संख्या कम होने पर जन समुदाय को लाभ मिलता है। कार्यक्रम में उदय सिंह रावत ने बताया कि कृमि नियंत्रण की दवाई खाने के साथ-साथ कृमि संक्रमण रोकथाम के लिए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाना आवश्यक हैं। विशेषकर बच्चों को नाखून साफ रखें, हमेशा साफ पानी पिए, खाने को ढक कर रखें, साफ पानी से फल ,और सब्जियां धोयें, खुले में शौच न करें, हमेशा शौचालय का प्रयोग करें, अपने हाथ खाने से पहले और शौच के बाद अवश्य धोएं।

## रोजगार की मांग को युवा एक साथ खड़े रहे

नई टिहरी : लखवाड़ व्यासी युवा श्रम संविदा सहकारी समिति ने नैनबाग में बैठक का आयोजन किया। बैठक में मांग रखी गई कि लखवाड़ व्यासी बांध परियोजना में प्रभावित परिवारों में प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को स्थाई रोजगार उपलब्ध हो। लखवार बांध से प्रभावित बेरोजगारों के लिए यूजेवीएनएन ने रोजगार के लिए 2016 में विभिन्न पदों पर चयन प्रक्रिया शुरू की थी। बीते 7 वर्षों में कोई भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई है। जबकि लखवाड़ बांध की निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। बांध का कार्य प्रारंभ हो चुका है। इसलिए शीघ्र भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की जानी चाहिए। क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर भी चर्चा की गई। रोजगार के साथ-साथ व्यवसायिक रोजगार मुहैया करने पर भी जोर दिया गया। समिति के अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह का कहा कि रोजगार की मांग को लेकर सभी युवा एक साथ खड़े रहें।

# रूद्रप्रयाग ने ताइक्वांडो में जीते मेडल



रूद्रप्रयाग : 10वी देहरादून इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में देहरादून सहित अनेक स्थानों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर अपने हुनर का प्रदर्शन किया। बेहतर प्रदर्शन करने पर प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में रुद्रप्रयाग से पांच प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया। जिनमें वंशिका ने ब्रॉन्ज, अंतरिक्ष और प्रथा ने सिल्वर, कनिष्क और आदित्य ने कांस्य मैडल जीते।

उत्तराखंड स्पोर्ट्स ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा देहरादून के परेड ग्राउंड स्थित एमपी हॉल में आयोजित 10वी देहरादून इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में देहरादून के विभिन्न स्कूलों के साथ ही पहाड़ी जनपदों से भी प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में एसोसिएशन के चेयरमैन डॉक्टर एस फारूक, एसोसिएशन के महासचिव जावेद खान ने सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। रुद्रप्रयाग से वंशिका ने ब्रॉन्ज, अंतरिक्ष और प्रथा ने सिल्वर, कनिष्क और आदित्य ने कांस्य मैडल जीतने में कामयाबी पाई है। प्रतियोगिता में सब जूनियर फीमेल अंडर 35 किग्रा वर्ग में वंशिका ने ब्रॉन्ज, कैडेट मेल अंडर 45 किग्रा में आदित्य राज कांस्य, जूनियर महिला अंडर 55 किग्रा वर्ग में प्रथा ने सिल्वर, जूनियर पुरुष अंडर 68 किग्रा वर्ग में अंतरिक्ष सिंह ने सिल्वर, जूनियर पुरुष अंडर 45 किग्रा वर्ग में कनिष्क नौटियाल ने कांस्य पदक जीतने में कामयाबी पाई। रुद्रप्रयाग के पांचों प्रतिभागियों द्वारा मैडल जीतने पर स्थानीय लोगों ने खुशी जताई है। (एजेंसी)

# विधायक ने सरकारी धन के दुरूपयोग का आरोप लगाया

उत्तरकाशी : पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल ने शनिवार को जरमोला स्थित राजकीय उद्यान एवं माली प्रशिक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां जम्मू–कश्मीर की फर्म के माध्यम से लगाए गए हजारों सेब पौध की नर्सरी तथा फलदार सेब प्लांट में हो रहे कार्यों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि फर्म पर सरकारी धन के दुरूपयोग का आरोप लगाया।विधायक ने जम्मू–कश्मीर की फर्म पर उद्यान केंद्र के क्लाइमेट, मिट्टी आदि की जांच करे बगैर नर्सरी एवं सेब प्लांट लगाने के नाम पर सरकारी धन के दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार न देकर बाहरी राज्य जम्मू–कश्मीर की फर्म को काम देने पर विधायक ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इसको लेकर वे सीएम से बात करेंगे। भ्रष्टाचार में संलिप्त किसी भी अधिकारी, फर्म, ठेकेदार को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि जरमोला स्थित उद्यान में भारत ट्रेडर्स के माध्यम से जम्मू–कश्मीर की एक फर्म को सेब नर्सरी तथा सेब प्लांट लगाने ठेका दिया गया है, लेकिन कार्यों में अनियमितता साफ दिखाई दे रही है। उधर, जिला उद्यान अधिकारी एके मिश्रा का कहना है कि जरमोला राजकीय उद्यान एवं माली प्रशिक्षण केंद्र में विभिन्न सेब प्रजाति की 63 हजार 200 सेब नर्सरी व 3 हजार 600 फल पौधा रोपण कार्य हुआ है।

## गोशाला हेतु धनराशि नहीं देने पर पालिका गेट पर जड़ा ताला

ऋषिकेश। धर्म जागरण समिति ने मुनिकीरेती नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने गोशाला के लिए धनराशि नहीं देने पर नगर पालिका के मेन गेट पर ताला जड़ दिया। प्रदर्शनकारियों ने गोशाला के रखरखाव के लिए धन उपलब्ध कराने की मांग की। सोमवार को धर्म जागरण समिति के सदस्य मुनिकीरेती नगर पालिका पहुंचे। वहां उन्होंने प्रदर्शन करते हुए मेन गेट पर ताला जड़ दिया। इससे पालिका के सभी कर्मचारी और अधिशासी अधिकारी तनवीर सिंह अंदर ही बंद रहे। काफी समझाने के बाद समिति सदस्यों ने ताला खोला।

# बच्चों के विकास के लिए स्वस्थ रहना जरूरी : गुसांई

## स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित शिक्षण संस्थानों में छात्रों को खिलाई एल्बेंडाजौल की दवा

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जनपद में राजकीय प्राथमिक विद्यालय खुरड़ में आयोजित कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व उपशिक्षा अधिकारी द्वारा छात्रों को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजौल खिलवाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) का शुभारंभ किया गया। जनपद के 1627 सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, महाविद्यालय व तकनीक शिक्षण संस्थाओं में लक्षित आयु वर्ग के बच्चों को एल्बेंडाजौल की दवा खिलाई गई।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमल सिंह गुसांई ने अवगत कराया कि बच्चों के विकास के लिए जरूरी है कि वे



स्वस्थ रहें। उन्होंने कहा कि शरीर में कृमि होने से बच्चों में शारीरिक व बौद्धिक विकास बाधित होता है, इस समस्या के समाधान के मद्देनजर कृमि मुक्ति कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद के सेहतमंद भविष्य के लिए बच्चों को कृमि से मुक्ति दिलाना जरूरी है, लिहाजा स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ शिक्षकों और अभिभावकों को 01 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजौल दवा खिलवाने के लिए भरसक प्रयास करने होंगे। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचालित अभियान के अंतर्गत जनपद के 1627 सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, महाविद्यालय व तकनीक शिक्षण संस्थाओं में लक्षित आयु वर्ग के लिए पंजीकृत कुल 65569 बच्चों को एल्बेंडाजौल की दवा खिलाने का लक्ष्य है।

किसी कारण आज दवा खाने से छूटे बच्चों को अभियान के तहत 20 अप्रैल को होने वाले मॉप-अप डे पर कृमि नाशक दवा खिलवाई जाएगी। इस मौके पर उपशिक्षा अधिकारी अगस्त्यमुनि नन्दा चन्द्रा, काउंसलर आरकेएसके विपिन सेमवाल, प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी नेगी, सहायक अध्यापक रविन्द्र सिंह, डीपीएम हिमांशु नौडियाल, हरेन्द्र सिंह नेगी, सुमन जुगरान, सोबित रावत आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### कमिश्नर ने ईई को लगाई फटकार, पुल का काम मई तक पूरा करें

उत्तरकाशी : गढ़वाल कमिश्नर सुशील कुमार ने जिला प्रशासन व विभागीय अधिकारियों के साथ यमुनोत्री धाम की यात्रा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान किसाला में मोटर पुल की धीमी प्रगति पर कमिश्नर ने विभाग के ईई को फटकार लगाते हुए कार्यों में तेजी लाने को कहा। कहा कि पुल का काम मई तक पूरा कर लें। आयुक्त ने कुथनोर में निर्माणाधीन मोटर पुल को इस माह के अंत तक चालू करने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ गढ़वाल आइजी करण सिंह नगन्याल भी रहे। सोमवार को उत्तरकाशी दौरे पर पहुंचे आयुक्त सुशील कुमार ने यमुनोत्री धाम की यात्रा व्यवस्थाओं को परखते हुए वेरिफिकेशन एवं स्क्रीनिंग केंद्र का निरीक्षण किया। साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए पेयजल को वाटर एटीएम एवं पेयजल कनेक्शन के लिए संबंधित ईई को निर्देशित किया। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण करते हुए कमिश्नर ने छटांगा में भूस्खलन जोन के पास पैच वर्क पूरा करने के साथ ही चिन्हित भूस्खलन जोन के कार्यों में तेजी लाने को कहा। (एजेंसी)

### बहुउद्देश्यीय विधिक शिविर 19 को

उत्तरकाशी : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तरकाशी के तत्वावधान में 19 अप्रैल को सुबह 11 बजे से अटल उत्कृष्ट राजकीय इण्टर कालेज गेंवला ब्रह्मखाल में विधिक साक्षरता एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा।यह जानकारी देते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्वेता राणा चौहान ने बताया कि शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तरकाशी की ओर से जनता को विभिन्न कानूनी विषयों पर जिला बार एसोसिएशन उत्तरकाशी के अधिवक्ताओं व कानूनी विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। उक्त शिविर में जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी के चिकित्सकों द्वारा क्षेत्रीय जनता को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा एवं दवाइयां आदि उपलब्ध करायी जायेगी। (एजेंसी)

# मुख्य सचिव डॉ. संधु ने ली केदारनाथ हेली सेवा के सम्बन्ध में बैठक

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने केदारनाथ हेली सेवा के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं के रजिस्ट्रेशन देखते हुए बहुत अधिक संख्या में यात्रियों के आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि यात्रियों को कम से कम परेशानियां हों इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। मुख्य सचिव ने कहा कि टिकटों की बुकिंग में धोखाधड़ी और काला बाजारी को रोकने के लिए अधिक से अधिक आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जाए। साथ ही, काला बाजारी करने वालों के खिलाफ एफआईआर करवाई जाए। उन्होंने आईआरसीटीसी के साथ ही उत्तराखण्ड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण द्वारा भी लगातार




अनुश्रवण किए जाने की आवश्यकता बतायी है। मुख्य सचिव ने चारधाम यात्रा से सम्बन्धित सभी जनपदों को आवश्यकतानुसार प्रशिक्षित पीआरडी जवान उपलब्ध कराए जाने हेतु सम्बन्धित विभाग को निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने शिकायतों के निस्तारण एवं रिफंड के लिए 24*7 व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रियों को नकली वेबसाइटों और साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए अधिक से अधिक जागरूकता फैलाई जाए।

## 140 दिन में तीन लाख कुंतल चीनी का उत्पादन हुआ

ऋषिकेश। डोईवाला चीनी मिल के अधिशासी निदेशक दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि मिल की क्षमता कम नहीं हुई है। इस वर्ष मिल ने 140 दिन में 31 लाख कंतल से अधिक गन्ना पेराई कर तीन लाख कुंतल चीनी का उत्पादन किया है। अधिशासी निदेशक ने कहा कि पेराई सत्र 2022–23 की समाप्ति रविवार सुबह छह बजे कर दी गई। इस पेराई सत्र में मिल कर्मचारियों, अधिकारियों एवं कृषकों के सहयोग से कई उपलब्धियां चीनी मिल के खाते में जुड़ी हैं। पिछले कई वर्षों से मिल के जर्जर होने, मशीनरी पुरानी होने का मिथक तोड़ते हुए वर्तमान पेराई सत्र 2022–23 में मात्र 140 दिन में 31 लाख 28 हजार 744 कुंतल गन्ना पेराई की गई।

## बिना जीपीएस ग्रीन कार्ड जारी नया करने पर टैक्सी चालकों का एआरटीओ कार्यालय में प्रदर्शन

ऋषिकेश। गढ़वाल मंडल टैक्सी चालक एवं मालिक एसोसिएशन ने परिवहन विभाग के खिलाफ हल्ला बोला है। एसोसिएशन के सदस्यों ने जीपीएस के बिना वाहनों के ग्रीन कार्ड जारी नहीं करने पर आक्रोश जताया है। चेताया कि बिना जीपीएस ग्रीन कार्ड जारी नहीं किए गए तो कार्यालय में तालाबंदी की जाएगी। सोमवार को गढ़वाल मंडल टैक्सी चालक एवं मालिक एसोसिएशन के सदस्यों ने एआरटीओ कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष विजयपाल सिंह रावत ने कहा कि परिवहन मंत्री चंदन राम दास ने 31 मई तक वाहनों में जीपीएस की अनिवार्यता पर छूट प्रदान करने की बात कही है। लेकिन परिवहन मंत्री के बयान को दरकिनार कर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी जीपीएस के बिना ग्रीन कार्ड जारी नहीं कर रहे हैं। इससे यही प्रतीत होता है कि उत्तराखंड में अफसरशाही मंत्रिमंडल के ऊपर हावी है। कहा कि आगामी 22 अप्रैल से चारधाम यात्रा प्रारंभ होने जा रही है। बावजूद इसके एसोसिएशन की टैक्सियों के ग्रीन कार्ड नहीं जारी किए जा रहे हैं। टैक्सी संचालकों को जीपीएस लगाने के लिए बाध्य किया जा रहा है। इसके पीछे जीपीएस लगाने वाली कंपनियों से प्राप्त होने वाला कमीशन है। कहा कि परिवहन विभाग के स्तर पर यदि परिवहन मंत्री के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया गया, तो मजबूर होकर सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय पर अनिश्चितकालीन तालाबंदी की जाएगी। इस दौरान परिवहन अधिकारी अरविंद पांडे ने टैक्सी संचालकों को आश्वासन दिया कि परिवहन मंत्री के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

## पहले चरण में हुई चिन्हित 75 स्थानों से अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही

देहरादून। जनपद में अतिक्रमण से बाधित सड़कों एवं फुटपाथों से अतिक्रमण हटाए जाने हेतु जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका के निर्देशन पर 5 जोन बनाए गए है, जिनके लिए नगर निगम, पुलिस, प्रशासन की अलग–अलग संयुक्त टीम बनाकर प्रथम चरण में अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही की जा रही है। प्रथम जोन मोहब्बेवाला से राजपुर रोड़, द्वितीय जोन धूलकोट से कुआंवाला, तृतीय जोन ब्रहमकमल चौक से आईटी पार्क, सहस्त्रधारा क्रोसिंग से आईटी पार्क, चतुर्थ जोन ट्रांसपोर्ट नगर से गढ़ी कैंट व आईएसबीटी चौक से रिस्पना पुल, लाल पुल, कारगी चौक , शिमला बाईपास चौक से बड़ोवाला चौक तथा मोहब्बेवाला से राजपुर, पांचवा जोन छः नंबर पुलिया से एयरपोर्ट, महाराणा प्रताप चौक से मालदेवता तथा राजपुर से कुठाल गेट डाईवजन तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।प्रथम जोन में 17 स्थानों, द्वितीय जोन में 22 स्थानों, तृतीय जोन में 8 स्थानों, चतुर्थ जोन में 20 स्थानों तथा पांचवे जोन में 8 चिन्हित स्थानों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। पहले चरण में चिन्हित 75 स्थानों से अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की गई।जिलाधिकारी सोनिका ने अवगत कराया कि जनपद/शहर में अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित होने की जो समस्या उत्पन्न हो रही है।

## घर में घुसकर महिला को मारपीट कर घायल किया

विकासनगर। सहसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक पक्ष की दो महिलाओं सहित सात लोगों ने एक घर में घुसकर जमकर मारपीट की। आरोपियों ने धारदार हथियारों से महिला पर हमला को घायल कर दिया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर सहसपुर थाना पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट, बलवा, गाली–गलौज करने का मुकदमा दर्ज कर दिया है। पीड़ित पक्ष की ओर से चरण सिंह पुत्र जयपाल सिंह निवासी शंकरपुर हुकूमतपुर ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि 15 अप्रैल को आरोप ताहिर, जाफर, सैफ अली, सांई, आयशा, गुल्लू, खतीजा आदि ने लाठी डंडों और धारदार हथियारों से लैस होकर उसके घर में घुसे और जमकर उसके और उसके परिजनों के साथ मारपीट की।

# सीएम धामी ने अस्पताल में भर्ती पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोहर कांत ध्यानी का स्वास्थ्य हाल जाना

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट में उपचार हेतु भर्ती पूर्व सांसद एवं पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री मनोहर कांत ध्यानी से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने उनके उपचार के संबंध में अस्पताल के चिकित्सकों से जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने श्री ध्यानी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की है।



इस अवसर पर स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. विजय धस्माना, राकेश ध्यानी, मिथिलेश ध्यानी भी मौजूद थे।

# डीएम अध्यक्षता में हुई जनसुनवाई में 116 शिकायतें दर्ज

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में आज ऋषिपर्णी सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में 116 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें राजस्व, एमडीडीए, पंचायतीराज, विद्युत, बाल–विकास, पुलिस, सिंचाई, लोनिवि, समाज कल्याण, नगर निगम, पेयजल निगम आदि विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। विगत जनसुनवाई में डांडीपुर मच्छी बाजार निवासी अमित अरोड़ा की पुत्री हर्षिता अरोड़ा का निजी स्कूल में दाखिला दिलाने पर संबंधित द्वारा धन्यवाद दिया तथा किताबें दिलवाने का अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी ने पुस्तक दिलाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

जनसुनवाई में डांडीपुर मच्छी बाजार निवासी हर्षिता ने जिलाधिकारी से कक्षा 4 की किताबें दिलवाने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बालिका को किताबें उपलब्ध कराई जांए। पूर्व में भी बालिका का दाखिला जिलाधिकारी के निर्देशों पर स्थानीय निजी स्कूल में किया गया था। जनपद में जिलाधिकारी की अभिनव पहल से जिला प्रशासन देहरादून द्वारा जरूरतमंद बच्चों को किताबें उपलब्ध कराई जाने हेतु स्मार्ट सिटी लि0 के सहयोग से मुहिम चलाई जा रही है। जिसमें अनावश्यक किताबें कलेक्शन सेन्टरों एवं स्मार्ट सिटी की बसों पर बनाए गए बॉक्स में जमा किया जा सकता है। जिससे जरूरतमंद बच्चों को किताबें उपलब्ध कराई जा सकें।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में फुटपाथ एवं अन्य स्थानों पर



हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही में तेजी लाई जाए। उन्होंने उप जिलाधिकारी मुख्यालय को निर्देश दिए कि जनपद में संचालित स्टोन क्रैशर एवं खनन पट्टों की वैद्यता जांच लें, जिन खनन पट्टों स्टोन क्रैशर की अवधि समाप्त हो गई है को बंद करने के आदेश निर्गत किए जाए। प्राप्त हुई शिकायतों में कुंजा ग्रान्ट तहसील विकासनगर भूमि कब्जा किए जाने की शिकायत पर उप जिलाधिकारी विकासनगर को कार्यवाही के निर्देश दिए।

विकासनगर में जेसीबी ड्राईवर की लापरवाही से पुलिया टूटने की शिकायत पर सिंचाई विभाग को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। गौरा देवी/कन्या धन योजना कला प्राप्त न होने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। ग्राम व्यास नेहरी पर अतिक्रमण की शिकायत पर उप जिलाधिकारी कालसी को कार्यवाही के निर्देश दिए।

# प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त नहीं मिलने पर रोष, किया प्रदर्शन

## खूनीबड़, शिवराजपुर, मोटाढांक के लोगों ने नगर निगम परिसर में किया प्रदर्शन



कोटद्वार नगर निगम परिसर में प्रदर्शन करते लोग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त नहीं मिलने पर खूनीबड़, शिवराजपुर, मोटाढांक के लोगों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने जल्द किस्त उपलब्ध नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

पार्षद सौरभ नौडियाल के नेतृत्व में आवास योजना के लिए चिहिन्त लोगों ने नगर निगम परिसर में प्रदर्शन किया। नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लोगों ने कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार गरीब लोगों को छत उपलब्ध करवाने का दावा कर रही है।

वहीं, नगर निगम लाभार्थियों को पूरी किस्त भी उपलब्ध नहीं कर रहा है। कहा कि वर्ष 2019-20 में उनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए दर्ज किया गया था। जिसके लिए वर्ष 2021 में उन्हें प्रथम व द्वितीय किस्त के रूप में 80 हजार रूपए दिए गए थे। उक्त धनराशि से उन्होंने मकान की चारदीवारी खड़ी कर दी। लेकिन, डेढ़ साल बाद भी बाकी तीन किस्तों का भुगतान नहीं हो पाया है। नतीजा, आवास विहीन परिवार छत नहीं डाल पा रहे है। ऐसे में बरसात के दौरान सबसे अधिक परेशानी होती है। कई परिवार अब भी किराए के भवनों में अपने दिन काट रहे हैं। इस मौके पर मीना देवी, मुन्नी देवी, संजो देवी, मनोज कुमार, धर्मेंद्र राजेश सिंह, दिलीप सिंह, मणिराम, मनोज कुमार, संजू देवी, वेदपाल, सुशील, अनिल कुमार शामिल रहे।

# शिव महापुराण का समापन, कीर्तन मंडलियों को किया सम्मानित

## द्वारीखाल के पाली में आयोजित शिव माहपुराण का हुआ समापन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : द्वारीखाल ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पाली में आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराणा का सोमवार को समापन हो गया। समापन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की कीर्तन मंडलियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन हुआ।

सोमवार को मंदिर परिसर में रुद्राभिषेक के बाद आचार्य राकेश चंद लखेड़ा ने अंतिम दिवस की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि शिव महापुराण कथा श्रवण मात्र से मनुष्य के समस्त कष्ट दूर हो जाते हैं। पूरे संसार में केवल भगवान का नाम ही सत्य है। कार्यक्रम के उपरांत भैड़गांव, जमेली, खड़ेत, नौसीन सहित अन्य गांव की कीर्तन मंडलियों को सम्मानित किया गया।

गोसेवा आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र अण्थ्वाल ने कहा कि प्रत्येक अनुष्ठान में महिलाओं की भूमिका सबसे अधिक व महत्वपूर्ण होती है। इसलिए महिलाएं देवी का स्वरूप मानी गई है। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को गौ पालन के लिए सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी बताया। कहा कि गौ पालन कर महिलाएं स्वयं की आर्थिकी को मजबूत कर सकती हैं।

इस मौके पर राज्य आंदोलनकारी व उक्रांद के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह रावत, ग्रामीण विकास नागरिक मंच के अध्यक्ष प्रवेश नवानी, भाजपा नेता विजय लखेड़ा, प्रमोद चौहान आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार के पाली गांव में कीर्तन मंडलियों को सम्मानित करते गोसेवा आयोग के अध्यक्ष व अन्य

# कोटद्वार से अमरनाथ यात्रा पर जायेंगे श्रद्धालु

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कांवड़ सेवा समिति की ओर से विगत 26 वर्षों की भांति इस बार भी अमरनाथ यात्रा की तिथि निर्धारित की गई है। समिति से जुड़े पूरन चंद्र पुरी ने बताया कि अमरनाथ यात्रा कोटद्वार से 1 जुलाई को रात 10 बजे प्रस्थान करेगी। यात्रा देवी तालाब मंदिर जालंधर और स्वर्ण मंदिर अमृतसर के दर्शन करते हुए जम्मू पहुंचेगी। फिर पहलगाम से छोटी गाड़ियों का काफिला भक्तों को चंदनबाड़ी पहुंचायेगा। पुरी ने बताया कि यह यात्रा का प्रथम पड़ाव है। कहा कि जो भी भक्तगण अमरनाथ बाबा के दर्शन के इच्छुक हैं वे अपना मेडिकल करवा कर कांवड़ सेवा समिति में रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

# आवारा पशुओं से निजात मिलने की उम्मीद जगी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : शहरवासियों को अब लावारिस पशुओं से निजात मिलने की उम्मीद जगी है। नगर पालिका पौड़ी द्वारा निर्माण कराए गए कांजी हाउस में लावारिस पशुओं को शिफ्ट करने का काम शुरू किया गया है। मंगलवार को विधायक द्वारा कांजी हाउस का लोकार्पण किया जाएगा। शहरवासी पिछले लंबे समय से कांजी हाउस में लावारिस पशुओं को रखने की मांग कर रहे थे।

मंगलवार को कांजी हाउस का लोकार्पण स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी, गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र अंथवाल व डीएम डा. आशीष चौहान की मौजूदगी में होगा।

पालिकाध्यक्ष यशपाल बेनाम ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों को तेजी से करवाया जा रहा है। वर्तमान में कुछ कार्य अंतिम चरण में चल रहे हैं।

उन्होंने बताया कि कांजी हाउस में अभी 40 गायों के लिए रहने व खाने की पीने के इंतजाम किए गए हैं। बताया कि मंगलवार से कांजी हाउस का उद्घाटन होगा। सोमवार को शहर के लावारिस पशुओं को कांजी हाउस ले जाने का काम शुरू कर दिया गया।

# संगठन के चुनाव को लेकर की चर्चा



कोटद्वार में आयोजित बैठक में भाग लेते सेवानिवृत्त अधिकारी व कर्मचारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पनियाली स्थित अरण्य सभागार कोटद्वार में वन विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें संगठन के चुनाव को लेकर चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्त डीएफओ धीरजधर बछवाण ने की। संचालन सेवा निवृत्त रेंजर आरपी पंत ने किया। बैठक में सर्व सम्मति से संगठन के चुनाव पर चर्चा की गई। सदस्यों ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य सेवानिवृत्त कर्मचारी व अधिकारियों के हित में कार्य करना है। विगम पांच वर्ष में सेवानिवृत्त हुए लोगों को संगठन से जोड़ा जाएगा। प्रतिमाह द्वितीय रविवार को संगठन की बैठक होगी। इस मौके पर एलआर नाग, अनिल कुकरेती, दिनेश घिल्डियाल, सुरेश मधवाल, रमेश चंद्र कुकरेती, भारत सिंह सजवाण, उमानंद बड़ोला, केसीराम निराला, आरए खान, सतीश जोशी, बलभद्र चौहान, चंद्र किशोर, हरीश चंद्र भट्ट, आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को खिलाई एल्वेंडाजोल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय इंटर कॉलेज जयदेवपुर सिगड्डी में 19 वर्ष तक के लगभग 80 छात्रों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई।

विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य दीपक गौड़ ने सभी शिक्षकों की उपस्थिति में एल्बेंडाजोल की गोली के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाने एवं रक्त की कमी की समस्या को दूर करने के लिए बच्चों को पेट में कीड़ा मारने की दवा खिलाई जाती है। भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देश के तहत स्कूल में पंजीकृत 11 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। उन्होंने बताया कि बच्चों को दवा खिलाते समय कुछ सावधानियां भी बरतनी होगी। अगर किसी बच्चे को कोई गंभीर बीमारी या संक्रमण के कारण उपचार किया जा रहा है या कोई भी बच्चा सर्दी, खांसी, बुखार या सांस लेने में परेशानी है तो उसे यह दवा नहीं खिलाई जाएगी। इस अवसर पर शिक्षक राजीव शर्मा, वीरेंद्र रावत, सुनील खंतवाल, कल्पेश्वरी बलोदी मौजूद रहे।



विद्यालय में बच्चों को एल्वेंडाजोल की गोली खिलाते शिक्षक

# आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में ओम, आकृति रहे पहले स्थान पर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**श्रीनगर गढ़वाल** : श्रीनगर के युवाओं की ओर से आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप का आयोजन रामलीला मैदान श्रीनगर में किया गया। जिसमें बालक वर्ग में पहला स्थान ओम रावत, दूसरा स्थान उमेश तथा बालिका वर्ग में आकृति कंडारी ने प्रथम व संध्या धनाई ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी एवं जिला महामंत्री दिनेश पंवार तथा विशिष्ट अतिथि मंडल महामंत्री सौरभ पांडे व कार्यकारिणी सदस्य पंकज सती रहे। आयोजन में साहिल, आर्यन कंडारी, देवांश नौटियाल ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया। (एजेंसी)

# संगठन को एकजुट व मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को किया प्रेरित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : भाजपा नैनीडांडा मंडल कार्यसमिति की बैठक में संगठन की मजबूती के साथ बूथ व शक्ति केंद्रों को मजबूत करने पर दिया जोर दिया गया। विधायक दिलीप रावत ने बूथों, शक्ति केंद्रों को मजबूत करते हुए संगठन को एकजुट व मजबूत करने के लिए सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया।

कार्यकर्ताओं ने प्रशासन व वन विभाग से मांग की गई कि बाघ को नरभक्षी घोषित कर शीघ्र ही क्षेत्र के लोगों को बाघ की दहशत से मुक्त करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। विधायक दिलीप रावत ने क्षेत्र के लोगों को आश्वासन दिया कि इस संबंध में त्वरित कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि पैदल मार्गों पर व खेत खलिहानों में काम करते हुए सावधानी बरतें। बैठक में दो मिनट का मौन रखकर नैनीडांडा क्षेत्र के सिमली गांव में बाघ के हमले में सेवानिवृत्त प्रवक्ता रणबीर सिंह नेगी की असामयिक मृत्यु पर शोक व्यक्त किया गया। बैठक में ब्लाक प्रमुख प्रशांत कुमार, ज्येष्ठ उप प्रमुख ललित पटवाल, कनिष्ठ उप प्रमुख रेखा देवी, महामंत्री तेजपाल सिंह, जिला महामंत्री दीनदयाल कंडारी, पूर्व अध्यक्ष एमडी रावत, सोशल मीडिया प्रभारी दीनू चतुर्वेदी, महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रभा उनियाल, किसान मोर्चा अध्यक्ष विमलानन्द गौड़, युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीष पटवाल सहित मंडल कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मंत्री सोहन सिंह ने किया।

# रैली निकालकर नशे के दुष्प्रभाव बताए

**पौड़ी** : राजकीय महाविद्यालय पोखड़ा में एंटी ड्रग्स सेल के तहत नशा मुक्ति जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान रैली के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। छात्रों ने जन–जन का यही संदेश नशा मुक्त हो अपना देश, ज्ञान हमें फैलाना है, नशे को मार भगाना है, नशा एक अभिशाप है, देश को आगे बढ़ाना है नशे को दूर भगाना है आदि नारों के साथ लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य डा. विदया राय, कार्यक्रम की संयोजिका असिस्टेंट प्रोफेसर राज ममता, डॉ. सुशील भाटी, रमेशचंद्र, ऋषिकांत, आशा आर्य आदि शामिल रहे।

# रावत अध्यक्ष और रमोला बनें महासचिव

**पौड़ी** : उत्तराखंड परिवहन मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी संघ की जिला पौड़ी शाखा के अधिवेशन में संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में मीरा रावत को अध्यक्ष और सुधीर रमोला को जिला महासचिव बनाया गया। रेवती नंदन डंगवाल की देखरेख में हुए इन चुनावों में उपदेश मंजखोला को संरक्षक, कुलदीप नेगी को उपाध्यक्ष, ध्रुव धामी को कोषाध्यक्ष, प्यारदास वर्मा संगठन मंत्री, महेंद्र रावत संप्रेक्षक बनाएं गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिवहन मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी संघ के प्रांतीय संरक्षक एनएस भंडारी ने की।

# जी-20 की मेजबानी देश के लिए बड़ी उपलब्धि



कोटद्वार महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व शिक्षक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : समाजशास्त्र विभाग और आई क्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में जी-20 पर व्याख्यानमाला एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जी-20 के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया, जिसमें प्रथम स्थान पर शालिनी, द्वितीय स्थान पर शीतल और तृतीय स्थान पर सौरभ रहे।

डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार में जी-20 पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। समाजशास्त्र विभाग और आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में जी-20 पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। व्याख्यानमाला का विषय जी-20 महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता में विश्व को राह दिखाता भारत था।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार ने बताया की यह बड़े गर्व का विषय है की इस बार भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। कहा कि महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता के संबंध में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता विभाग प्रभारी समाजशास्त्र डॉ. तनु मित्तल ने बताया कि जी-20 की मेजबानी करना भारत के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

भारत वैश्विक पटल पर अपनी अलग पहचान बना सकेगा। इस मौके पर डॉ. कविता रानी, डॉ. सुरेखा घिल्डियाल, आइक्यूएसी के संयोजक डॉ. प्रवीण जोशी, डॉ. सुषमा थलेडी, डॉ. रोशनी असवाल सहित अनुराग भट्ट, हिमानी, नितिन भंडारी, शीतल, दीपिका, संजना, रश्मि, मेघा, संजना, शालिनी बड़थ्वाल, हिमानी, स्वाति, स्वेता, प्रियंका, शिवानी, अंजू, नेहा भंडारी, पूनम, अंजू, प्रियंका, संतोषी, सौरभ, शिक्षा, गायत्री, रंजना, मीनाक्षी, सहित कुल 48 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# ग्रोथ सेंटर के कर्मचारियों को बताए आग पर काबू पाने के तरीके



कोटद्वार के भाबर स्थित सिगड्डी ग्रोथ सेंटर में कर्मचारियों को उपकरणों की जानकारी देते दमकल अधिकारी

## दमकल की ओर से सिगड्डी ग्रोथ सेंटर में चलाया गया अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : अग्निशमन विभाग की ओर से सिगड्डी ग्रोथ सेंटर में स्थित फैक्ट्रियों में अग्निशमन उपकरणों की जांच की गई। इस दौरान टीम ने फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारियों को आग पर काबू पाने के तरीके भी बताए।

सोमवार को अग्निशमन अधिकारी सुरेश चंद्र के नेतृत्व में सिगड्डी ग्रोथ सेंटर में अभियान चलाया गया। अग्निशमन अधिकारी ने फैक्ट्री संचालकों को अग्निशमन उपकरणों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कहा कि आग लगने की घटनाओं को रोका जा सके इसके लिए उपकरणों का बेहतर रूप में होना आवश्यक है। साथ ही फैक्ट्री में कार्य करने वाले प्रत्येक कर्मचारी को उपकरणों के बारे में पुख्ता जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कर्मचारियों को अग्निशमन उपकरणों के नाम व उनके प्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की भी अपील की गई। कहा कि जागरूकता से ही हम आग लगने की घटनाओं को रोक सकते हैं।

# विद्या भारती की स्कूलों में अच्छी शिक्षा के साथ दिये जाते है उच्च संस्कार : डॉ. सैनी



राज्यसभा सांसद डॉ. कल्पना सैनी को स्मृति चिंह भेंट करते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : राजमती देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिमली के वार्षिकोत्सव समारोह में राज्यसभा सांसद डॉ. कल्पना सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। कहा कि विद्या भारती की स्कूलों में अच्छी शिक्षा ही नहीं बल्कि उच्च संस्कार भी दिए जाते हैं।सोमवार को प्रेक्षाग्रह पौड़ी में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर राज्यसभा सांसद डॉ. कल्पना सैनी ने किया गया। इसके बाद बच्चों ने स्वागत गीत, गणेश वंदना के साथ ही सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सकारात्मक विचारों से ही जीवन में खुशी प्राप्त होती है। बच्चे सकारात्मक सोच वाले बच्चों को अपना दोस्त बनाएं, बच्चे समय के प्रति प्रतिबद्ध रहें। उन्होंने कहा कि सामान्य स्कूल और प्राथमिक स्कूल के बच्चे भी आगे चलकर ऊंचे मुकाम पर जा सकते हैं। कहा कि अच्छा मुकाम हासिल करने के लिए परिश्रम करना होता है। आप भी आगे बढ़ने के लिए कठोर परिश्रम करें। इस अवसर पर स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि स्कूलों में अच्छी शिक्षा से ही भारत को विश्व गुरु बनाया जा सकता है। कहा कि विद्यालयों को हर स्तर पर सहयोग किया जाना चाहिए, जिससे आने वाले समय में बच्चे बेहतर ज्ञान प्राप्त करते हुए अलग-अलग क्षेत्रों में प्रदेश व देश का नाम रोशन कर सकेंगे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष यशपाल बेनाम, मुख्य शिक्षा अधिकारी डॉ. आनंद भारद्वाज, प्रधानाचार्य इंटर कॉलेज तिमली संजय ममगाई सहित शिक्षक, कर्मचारी व स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# मलबा आने से धारचूला–लिपूलेख एनएच बंद, भूखे–प्यासे वाहनों में काटी रात



पिथौरागढ़। धारचूला–लिपूलेख राष्ट्रीय राजमार्ग में सड़क कटिंग के दौरान भारी मात्रा में मलबा आने से आवाजाही बंद हो गई। इससे इस मार्ग में गुंजी कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे 80 से अधिक वाहन फंस गए। घंटों बाद भी मार्ग नहीं खुला तो 450 से अधिक लोगों को भूखे–प्यासे ही खुले आसमान के नीचे वाहनों में सोकर रात काटनी पड़ी।

16 घंटे बाद अगले दिन सड़क खुली तब यात्री कहीं जाकर अपने–अपने गंतव्य को रवाना हुए। धारचूला–लिपूलेख राष्ट्रीय राजमार्ग के दोबाट में इन दिनों सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। बीते रविवार को गुंजी कार्यक्रम में शामिल होकर बड़ी संख्या में लोग धारचूला की तरफ लौट रहे थे। शाम छह बजे के करीब हिलवेज कंपनी ने दोबाट स्यांता के पास ब्लास्टिंग की। इससे पहाड़ का एक हिस्सा टूटकर सड़क पर आ गिरा और मार्ग बंद हो गया। इससे मार्ग में दो किमी लंबी वाहनों की कतार लग गई। देर शाम तक यात्री सड़क खुलने का इंतजार करते रहे, लेकिन मार्ग में आवाजाही सुचारू नहीं हो सकी। आसपास कोई दुकानें भी न होने से यात्रियों को भोजन भी नहीं मिला। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग भूखे पेट ही वाहनों में सो गए। सोमवार को सुबह दस बजे मार्ग से बोल्डर और मलबा हटाया गया, तब आवाजाही सुचारू हुई। केंद्रीय मंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए रोक लगने के बावजूद ब्लास्टिंग होने से लोगों में हिलवेज कंपनी के खिलाफ आक्रोश है।

## दिव्यांग विद्यार्थियों को कृमि उपचार हेतु अल्बेंडाजोल दवा खिलाई

हल्द्वानी। नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड (नैब) में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर 102 दिव्यांग विद्यार्थियों को कृमि उपचार के लिए अल्बेंडाजोल दवा खिलायी गई।

साथ ही फर्स्ट एड बॉक्स भी दिया गया। कार्यक्रम प्रभारी चिकित्साधिकारी मोटाहल्दू डॉ. हरीश पांडे के निर्देश पर कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर पूजा पांडे की ओर से नैब के आवासीय संसाधन केंद्र में आयोजित किया गया।

इस दौरान श्याम धानक, सीएमओ डॉ़ भागीरथी जोशी, एसीएमओ डॉ़ रश्मि पंत, प्रमुख चिकिसा अधीक्षक बेस चिकित्सालय डॉ़ सविता ह्यांकी, सीएमएस महिला चिकित्सालय डॉ़ उषा जंगपांगी ने आभार व्यक्त किया।

# सेहतमंद भविष्य के लिए कृमि मुक्ति कार्यक्रम महत्वपूर्ण पहल : जोशी

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा में सोमवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ किया गया। जिले के 2015 सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों, 1860 आंगनबाडी केंद्रों, महाविद्यालय व तकनीकी शिक्षण संस्थाओं में बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई। इस मौके पर महिला चिकित्सालय अल्मोड़ा में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश जोशी, सीएमएस डॉ. प्रीती पंत एसीएमओ डॉ. योगेश पुरोहित ने बच्चों को कृमि नाशक दवा की खुराक देकर की। मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष जोशी ने जनपद के बच्चों के सेहतमंद स्वास्थ्य के लिए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम को महत्वपूर्ण पहल बताया। एसीएमओ डॉ. पुरोहित ने कहा कि बच्चों के विकास के लिए जरूरी है, कि वे स्वस्थ रहें। कहा कि शरीर में कृमि होने से बच्चों को कृमि से मुक्ति दिलाना जरूरी है। कहा कि स्वास्थ्य विभाग के साथ–साथ शिक्षकों और अभिवावकों को 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल दवा खिलाने के भरस–क प्रयास करनें होगें। यहां आरबीएसके मैनेजर कामना, जिला आशा कम्युनिट मोबिलाइजर गोकुलानंद जोशी, पंकज नेगी आदि मौजूद रहे।

## जैविक खेती कर आत्मनिर्भर बनने पर जोर

अल्मोड़ा। राजकीय महाविद्यालय मासी में जी–20 के तहत जैविक खेती से आत्मनिर्भरता विषय पर संगोष्ठी हुई। संगोष्ठी में जैविक खेती के फायदे बताते हुए विपणन के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की विभिन्न जानकारियां वक्ताओं ने दी। मुख्य अतिथि दिनेश चंद्र ब्लॉक समन्वयक आईसीसीओए ने छात्र– छात्राओं को जैविक खेती से रोजगार के अवसर पैदा करने और ग्रामीण क्षेत्र में आजीविका को आगे बढ़ाने की महत्वपूर्ण जानकारियां दी। साथ ही जैविक उत्पादों को स्वास्थ्य के लिए उपयोगी बताया। ग्रामीण क्षेत्रों में जैविक खेती के माध्यम से आत्मनिर्भर बनकर पलायन कम करने की बात भी कही। संगोष्ठी का संचालन डॉ. अनुराधा ने किया।

# टीबी रोगियों को बांटी पौष्टिक आहार किट



अल्मोड़ा। प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत अल्मोड़ा अर्बन को–आपरेटिव बैंक ने उपचाराधीन पांच टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार किट वितरित की। वहीं अन्य लोगों को भी योजना से जुड़ मरीजों के सहयोग का आह्वान किया। सोमवार को जिला चिकित्सालय अल्मोड़ा सभागार में योजना के तहत इन मरीजों को किट बांटी गई। वक्ताओं ने कहा कि देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए संबंधित बीमारी से ग्रसित जरूरतमंद मरीजों का सहयोग किया जा रहा है। फिजीशियन डॉ. स्वाती चमोली, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक आनंद मेहता, सहायक महाप्रबंधक गोपाल सिंह कड़ाकोटी, सहायक प्रबंधक दीपक सिंह बिष्ट, वरिष्ठ लैब सुपरवाइजर भरत राणा, ग्रास समिति से शबाना आदि मौजूद रहे।

## वीर सिंह बिष्ट राजकीय पेंशनर्स संघर्ष समिति की जिला अध्यक्ष बने

हल्द्वानी। राजकीय पेंशनर्स संघर्ष समिति ने सोमवार को जिला शाखा का गठन किया। इसमें वीर सिंह बिष्ट को अध्यक्ष, डिकरदेव जोशी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ललित मोहन लोहनी को महासचिव, बीडी शर्मा को उपाध्यक्ष, पान सिंह मेहरा को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इनुलाल आर्या को मंडलीय संयोजक कुमाऊं चुना जाएगा। इस दौरान निर्णय लिया कि अगर एक माह के अंदर शासन उनकी मांगों को पूरा नहीं करता तो वे दूहरादून जाकर भूख हड़ताल करेंगे। बैठक में तारा सिंह मेहरा, नवीन नैथानी, लीलाधर मठपाल, डीएस नेगी, घनश्याम कांडपाल, केशव नंद जोशी आदि मौजूद रहे।

# पेयजल को लेकर भतरौला के उपभोक्ताओं का कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन



बागेश्वर। ठाकुरद्धारा वार्ड में एक माह से पानी की किल्लत बनी हुई है। आक्रोशित उपभोक्ताओं ने सोमवार को कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने पानी की आपूर्ति शीघ्र नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। वार्ड के भतरोला के उपभोक्ताओं ने कहा कि बीते मार्च माह से पानी बहुत कम आ रहा है। वह भी अनियमित है। जिसके कारण वह पानी के लिए प्राकृतिक स्त्रोतों का रुख करने को मजबूर हैं। हैंडपंप आदि पर सुबह–शाम लाइन लगानी पड़ रही है। जिसमें उनका समय बर्बाद हो रहा है। जलसंस्थान पानी के बिल जमा नहीं होने पर कनेक्शन काटने की प्रक्रिया करता है। पानी की आपूर्ति होने पर उपभोक्ता को भी अधिकार मिलने चाहिए। वह जलसंस्थान का बिल जमा नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि लगभग तीन हजार से अधिक उपभोक्ता पेयजल के लिए परेशान हैं।

यदि शीघ्र पानी की आपूर्ति सुचारू नहीं की गई तो वह उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। इस दौरान लक्ष्मी देवी, मुन्नी देवी, हेमा देवी, रीता, देवकी देवी, पार्वती देवी, नीमा देवी, गीता देवी, पूनम, रेखा, उमेश भट्ट, संगीता देवी, गोपुली देवी आदि उपस्थित थे।

**नदीगांव में फिर गहराया पानी का संकट**

बागेश्वर। नदीगांव में पानी की समस्या बनी हुई है। उपभोक्ताओं ने कहा कि उन्हें आधे घंटे पानी की आपूर्ति हो रही है। वह भी नलों से घरों तक पहुंचते ही बंद हो जाता है। मजबूरी में गोमती नदी का रुख करना पड़ रहा है। कपड़ा धोना और मवेशियों के लिए वह सिर पर पानी ढो रहे हैं। उन्होंने कहा कि योजना में पानी की कमी नहीं है। लेकिन लाइन की मरम्मत आदि नहीं की जा रही है। जिसके कारण वह पूरे दिन पानी ढोने में रहते हैं। अधिकतर लोग व्यापारी, कर्मचारी और कामकाजी हैं। उन्हें यदि शीघ्र आपूर्ति सुचारू नहीं की गई तो वह उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। इस दौरान निर्मला पांडे, किरन पांडे, मुन्नी पांडे, पार्वती देवी, भावना जोशी, विनोद पांडे, केवलानंद पांडे, भवान सिंह, मीरा रावल, गीता रावल, पुष्पा आदि उपस्थित थे। इधर, जलसंस्थान के ईई सीएस देवड़ी ने कहा कि पेयजल आपूर्ति सुचारू करने की कोशिश की जा रही है।

# ओबीसी की गणना और सर्वे दोबारा कराया जाए

रुद्रपुर। एक सदस्यीय पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति बीएस वर्मा ने नगर निकाय, नगरपालिका व नगर पंचायत के प्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान खटीमा के सभासदों ने उन्हें ज्ञापन सौंपकर ओबीसी की गणना और सर्वे दुबारा कराए जाने की मांग की।

इस पर अध्यक्ष ने एसडीएम को दोबारा सर्वे के आदेश और रिपोर्ट शासन को भेजने के निर्देश दिए। पालिका सभागार में सोमवार को आयोजित बैठक के दौरान सभासदों विश्वनाथ यादव, महेश राणा, विक्रम रौतेला, असलम अंसारी, गोकुल ओली आदि ने आयोग अध्यक्ष वर्मा को ज्ञापन सौंपा।

अध्यक्ष ने कहा कि 21 अप्रैल को सितारगंज में होने वाली बैठक में खटीमा की सर्वे रिपोर्ट पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान उन्होंने नानकमत्ता नगर पंचायत के कार्यों की सराहना की।

वहीं, भाजपा के जिला मंत्री भुवन जोशी ने भी आयोग के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि नगरपालिका के विस्तार की चल रही कार्यवाही में जो क्षेत्र शामिल किए जा रहे हैं, उन सभी क्षेत्र में अधिकांश पिछड़ी जाति के लोग निवास करते हैं।

ऐसे सभी लोगों को भी ओबीसी की गणना में शामिल किया जाए। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष नानकमत्ता प्रेम सिंह टुर्नी, ईओ विमला जोशी, उमेश राणा, सितारगंज से राजेश राणा, सुभाष, शक्तिगढ़ नगर पंचायत की ईओ प्रतिभा कोहली, लालपुर नगर पंचायत से ईओ जगदीश बेलवाल, नगर निगम रुद्रपुर के एमएनए दीपक गोस्वामी मौजूद रहे।

# महामंडलेश्वर ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

बागेश्वर। भद्रतुंगा में तीन मई से आयोजित होने वाले लघु अर्द्धकुंभ की तैयारियां तेज हो गई है। महामंडलेश्वर व पीएम मोदी के गुलगुरु अभिराम दास गुप्ता व समिति अध्यक्ष बलवंत भौर्याल ने सोमवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

व्यवस्थाओं पर और अधिक पैनी नजर रखने को कहा। यहां आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए सभी को कड़ी मेहनत करनी होगी। सरयू उद्गम स्थल को पर्यटकों के लिए पहले से और अधिक बेहतर बनाया जाएगा। इधर अपराह्न दो बजे तहसील ब्लॉक सभागार में ब्लाक प्रमुख गोविंदन दानू की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। महायज्ञ कुर्मांचल लघुकुंभ भद्रतुंगा सरमूल को सफल व भव्य आर्कषक बनाने के लिए रूपरेखा तैयार की गई। आयोजन को सफल बनाने के लिए त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

# पुरानी पेंशन बहाली–एसीपी का लाभ देने पर की चर्चा

रुद्रपुर। उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के प्रांतीय कार्यकारिणी मंडल के पदाधिकारियों ने लोक निर्माण विभाग में बैठक की। इस दौरान उन्होंने जिला भ्रमण कार्यक्रम के तहत सदस्यों की समस्याओं को लेकर मंथन किया। साथ ही पुरानी पेंशन बहाली और एसीपी का लाभ देने पर चर्चा की। सोमवार को वक्ताओं ने पुरानी पेंशन योजना बहाली और अभियंत्रण विभागों में 10, 16 और 26 वर्ष में एसीपी का लाभ देने पर जोर दिया। प्रांतीय अध्यक्ष एसएस चौहान ने कहा पहले भी कई समस्याओं पर चर्चा की जा चुकी है। लेकिन सरकार ने अब तक उनका समाधान नहीं किया है। इस दौरान उन्होंने कहा अगर इस बार उनकी समस्याओं का शासन स्तर से समाधान नहीं किया गया तो वे हड़ताल पर जाने के लिए विवश होंगे। यहां अध्यक्ष यशपाल सिंह, सचिव मनमोहन सिंह ऐरी, प्रांतीय महामंत्री मुकेश रतूड़ी, प्रांतीय उपाध्यक्ष उपेंद्र कुमार गोयल, वीसी जोशी, एसएस डंगवाल, ललित मोहन शर्मा, योगश, अजय टम्टा, रविंद्र सिंह मेहरा, बीसी जोशी, मनोज वर्मती, अजय कुमार, विनोद कुमार, सुरेश चंद्र पौडियाल, हेमंत गंगवार, अरविंद सिंह भाष्कर, गौरव, मनीष कुमार शाखा, ज्योति, सुहेल शाखा रहे।

## 16 बोतल शराब के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

बागेश्वर। एक व्यक्ति को पुलिस ने 16 बोतल अवैध शराब के साथ पकड़ा है। उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम में मामला पंजीकृत किया गया है। बैजनाथ पुलिस ने चेकिंग के दौरान टैक्सी स्टैंड के पास प्रकाश सिंह को 16 बोतल के साथ पकड़ा।

# आज से कुमाऊं में थोड़ा राहत मिलने की संभावना



हल्द्वानी। कुमाऊं के पहाड़ी इलाकों में आज बूंदाबांदी और 19 अप्रैल को भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने इसे लेकर यलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

पहाड़ी क्षेत्र में बारिश से मैदानी इलाकों में भी गर्मी से राहत मिलेगी। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के निदेशक विक्रम सिंह ने बताया कि 18 अप्रैल से पहाड़ी इलाकों पर गरज चमक के साथ बूंदाबादी होगी। इसे लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

इस बीच उत्तरकाशी, चमोली, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ के उंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बारिश हो सकती है। 19 अप्रैल को पहाड़ी क्षेत्र में भारी बारिश की संभावना जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पिथौरागढ़, उत्तरकाशी, चमोली, बागेश्वर और रुद्रप्रयाग में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। 20 अप्रैल को भी कहीं–कहीं गरज–चमक के साथ बारिश संभावना जताई गई है। हालांकि, अगले तीन दिन मैदानी क्षेत्रों में मौसम शुष्क बना रहेगा।

**सीजन में पहली बार पारा 38 डिग्री सेल्सियस पहुंचा**

दिन प्रति दिन गर्मी झुलसाने लगी है। हल्द्वानी में सोमवार को सीजन में पहली बार पारा 38 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। तपती दोपहरी में लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पहाड़ी इलाकों में बारिश के साथ आज से गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।

## महिला सशक्तिकरण पर वर्चुअल संगोष्ठी का किया आयोजन

हल्द्वानी। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नैनीताल ने वर्चुअल माध्यम से महिला सशक्तिकरण और कानून विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। इसमें देश के विभिन्न भागों से लोगों ने भाग लिया। भारतीय सूचना सेवा की अधिकारी शालिनी अवस्थी और अधिवक्ता उच्च न्यायालय सुरेश चंद्र भट्ट ने कहा कि हम महिलाओं की परेशानियों को भी सशक्तिकरण बताकर महिमामंडित करने लगे हैं। दफ्तर और घर दोनों जगह उन्हें काम करना पड़ता है, लेकिन वंडर वूमन का नाम देकर महिलाओं की पीड़ाओं को ढक दिया जाता है। संगोष्ठी में महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए बनाए गए कानूनों की जानकारी दी गई। वर्चुअल संगोष्ठी में प्रो. नीरज तिवारी, डॉ. सुरेंद्र विक्रम सिंह पडियार, डॉ. दीपशिखा जोशी, प्रो. अशोक मंडोला, प्रो. नीता बोरा, प्रधानाचार्या तारा बोरा, माया देवी, प्रीति शुक्ला, निरुपम नौडियाल शामिल हुए।

# बिजली कटौती से लोग परेशान



हल्द्वानी। हर रोज हो रही बिजली कटौती से लोग परेशान हो गए हैं।

यह है कि एक घंटे में ही कई बार आपूर्ति ठप हो रही है। उर्जा निगम से लगातार हो रही अघोषित कटौती से लोगों को घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ बिजली कटौती में इजाफे से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग परेशान हैं।

लोगों में ऊर्जा निगम के खिलाफ नाराजगी बढ़ती जा रही है। सोमवार को भी शहरी और ग्रामीण इलाकों में सुबह से ही बिजली गुल होने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा। दिनभर में अलग–अलग क्षेत्रों में लोगों को तीन से चार घंटे तक बिजली कटौती का सामना करना पड़ा। नैनीताल रोड क्षेत्र में एक घंटे की भीतर ही पांच से छह बार बिजली गुल होती रही।

# प्राथमिक विद्यालय में घुसकर शिक्षिका से मारपीट



हल्द्वानी। प्राथमिक विद्यालय कमलुवागांजा में घुसकर दो युवकों ने शिक्षिका से मारपीट कर दी। मामला दो दिन पूर्व का बताया जा रहा है। प्रधानाचार्या की तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कमलुवागांजा स्थित प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या भगवती रौतेला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार सुबह 10 बजे स्कूल में कक्षाएं चल रहीं थीं। इस दौरान वह एक सहायक अध्यापिका के साथ स्कूल से लगे दूसरे विद्यालय में दवा वितरित करने गई हुईं थीं। इस बीच राप्रावि से महिला शिक्षिका के चीखने–चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। आनन–फानन वह मौके पर पहुंचीं तो दो देखा कि दो युवक शिक्षिका के साथ मारपीट और गाली–गलौज कर रहे थे। शोर सुनकर विद्यालय का पूरा स्टाफ वहां पहुंच गया। स्टाफ को देखकर दोनों युवकों ने शिक्षिका को छोड़ दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

## बिजली उत्पादन में एनएचपीसी ने नया रिकॉर्ड स्थापित

पिथौरागढ़। बिजली उत्पादन में एनएचपीसी ने नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। बीते वित्तीय वर्ष एनएचपीसी ने लक्ष्य से 15 मिलियन यूनिट अधिक विद्युत का उत्पादन किया है।

एनएचपीसी के धौलीगंगा स्थित पावर स्टेशन तपोवन के परियोजना प्रमुख राजीव जैन ने पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिजली उत्पादन में एनएचसीसी साल दर साल नई उंचाइयों को छू रहा है। कहा वित्तीय वर्ष 2022–23 में पावर स्टेशन ने 1278 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य रखा था। इसके सापेक्ष एनएचपीसी ने 1293 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन किया है।

# प्रगति जैन बनी अटल भारत सम्मान फाउंडेशन कि नैनीताल अध्यक्ष

हल्द्वानी। अटल भारत सम्मान फाउंडेशन उत्तराखंड कार्यकारिणी की सोमवार को घोषणा की गई। कार्यकारिणी में प्रगति जैन को नैनीताल अध्यक्ष, शालिनी गुप्ता को महासचिव चुना गया। इस दौरान फाउंडेशन की ओर से एक गरीब कन्या के विवाह के लिए सहायता और उपयोगी वस्तुएं भेंट की गईं। कार्यकारिणी में शालिनी गुप्ता को महासचिव, बीनू जायसवाल, श्रुति तिवारी, भावना गुप्ता, कामायनी मिश्रा को उपाध्यक्ष, पूनम जोशी को महामंत्री, प्रगति जैन को नैनीताल अध्यक्ष, विद्या विनवाल को अल्मोड़ा अध्यक्ष, रिचा गोयल, दीप्ति चुफाल, कल्पना बंसल, मनु कपूर को मंत्री, कुसुमलता केस-रवानी को कोषाध्यक्ष और दीपिका, सारिका केसरवानी, खुशबू देवल, मंजू देवल, नीतू केसरवानी, कविता गुप्ता, अतुल जायसवाल, कपिल अग्रहरि, रजत माहेश्वरी को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। कार्यक्रम का संचालन शालिनी गुप्ता और श्रुति तिवारी ने किया। अतिथियों और कार्यकारिणी सदस्यों ने गरीब कन्या के विवाह के लिए उपहार स्वरूप अलमारी, साड़ियां, पंखा, सिलाई मशीन आदि वस्तुएं भेंट कीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेयर डॉ़ जोगेंद्र सिंह रौतेला, पूर्व दर्जा मंत्री रेनू अधिकारी, ललित आर्य और नीलम तोमर, विशिष्ट अतिथि फाउंडेशन के राष्ट्रीय टीम के अध्यक्ष राम राणावत, महासचिव विपिन पयाल, संगठन मंत्री डॉ़ पीएस प्रजापति, राष्ट्रीय सह प्रभारी डॉ. संजय गौर व राष्ट्रीय सदस्य सोनिया राणावत मौजूद रहे।

## सफल आयोजन पर जनता का आभार व्यक्त किया

हल्द्वानी। पांच दिन चले कुमाऊं द्वार महोत्सव के सफल आयोजन पर आयोजक मंडल ने सभी का आभार प्रकट किया। सोमवार को प्रेसवार्ता कर आयोजक गोविंद दिगारी ने कहा कि महोत्सव को जनता का भरपूर प्यार और सहयोग मिला जो काफी सराहनीय है। टीम ने कहा कि आगे इसे और भव्य रूप से किया जाएगा। अगले साल महोत्सव फरवरी में किया जाएगा।

# दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर प्रशिक्षण का शुभारंभ

हल्द्वानी। दूध एवं दुग्ध उत्पाद के मानकों की जानकारी देने के लिए उत्तराखण्ड सहकारी डेरी प्रशिक्षण संस्थान लालकुआं में तीन दिवसीय फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एण्ड सर्टिफिकेशन प्रोग्राम (एफएसएसआई) शुरू किया गया है। इसमें प्रदेश के 11 दुग्ध संघों के 27 प्रोडक्शन एवं लैब कार्मिकों भाग ले रहे हैं। सोमवार को निदेशक व निबन्धक डेयरी विकास संजय कुमार एवं प्रशासक उत्तराखण्ड सहकारी डेरी फेडरेशन मुकेश बोरा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से अपील कर कहा कि प्रतिस्पर्घा के युग में अपने दुग्ध उत्पादों की शुद्धता एवं उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के लिए फूड सेफ्टी के मानकों की जानकारी होना बेहद जरूरी है। अपील कर कहा कि उक्त प्रशिक्षण का लाभ अपने संस्थाओं और आंचल उपभोक्ताओं को मिल सके, ऐसा प्रयास करें। इस दौरान संयुक्त निदेशक डेरी विकास डीपी सिंह, सामान्य प्रबन्धक प्रशासन डॉ. एचएस कुटौला, डॉ. मोहन चन्द, आरएम तिवारी, निर्भय नारायण सिंह, डॉ. कुमार अजीत सिंह, एचएस पाल, प्रधानाचार्य हरीश उपाध्याय, संजय भाकुनी, पीएस खत्री, चन्द्रा खाती, धन सिंह कोरंगा व मास्टर ट्रेनर दीपक कुमार उपस्थित रहे।

# मोटे अनाजों के प्रयोग से चारधाम प्रसाद हो रहा तैयार : महाराज

## पंचायत प्रमुखों के प्रत्यक्ष चुनाव की महाराज की बात का अन्य राज्यों के मंत्रियों ने किया स्वागत

## नई दिल्ली में पंचायतों के प्रोत्साहन संबंधी राष्ट्रीय सम्मेलन सह पुरस्कार समारोह



देहरादून/नई दिल्ली : उत्तराखण्ड हेतु निर्धारित 975 अमृत सरोवरों के सापेक्ष 1102 अमृत सरोवरों का निर्माण किया गया है। राज्य में स्थानीय एवं जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए, स्वस्थ ग्राम थीम की प्राप्ति हेतु स्थानीय मोटे अनाजों का प्रयोग कर नैनो पैकेजिंग इकाईयों के माध्यम से चारधाम प्रसाद तैयार किया जा रहा है। हमें पंचायतों को सशक्त करने के लिए पंचायत प्रमुख के प्रत्यक्ष चुनावों की संभावनाओं को भी धरातल पर उतारना होगा।

प्रदेश के पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, लोक निर्माण, पर्यटन, सिंचाई, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने सोमवार को नई दिल्ली के प्लेनरी हॉल, विज्ञान भवन में पंचायतों के प्रोत्साहन संबंधी राष्ट्रीय सम्मेलन-सह पुरस्कार समारोह में केंद्रीय पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह को जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत प्रमुखों के प्रत्यक्ष चुनाव कराने से संबंधित एक पत्र भी सौंपा।

के पंचायती राज मंत्री मुरारी गौतम सहित अन्य राज्यों के मंत्रियों ने भी श्री महाराज की बात का स्वागत करते हुए पंचायत प्रमुखों के प्रत्यक्ष चुनाव कराए जाने का समर्थन किया। इस मौके पर पंचायत मंत्री श्री महाराज ने कहा कि जिन पंचायत प्रतिनिधियों ने इस वर्ष विभिन्न थीमैटिक क्षेत्रों में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किये गये हैं निश्चित रूप से वह सभी पंचायतों को मजबूत करने एवं उनको सशक्त करने की दिशा में अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करेंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह के राष्ट्रीय कार्यक्रमों के आयोजन से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास के मूल मंत्र ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयासह्व की स्पष्ट झलक दिखाई पड़ती है। उन्होंने कहा कि सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों की विशेष भूमिका है। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतें विकास की धुरी है। सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण एवं स्थानीय चुनौतियों का यथोचित समाधान तलाशने के लिए त्रिस्तरीय पंचायतों को सशक्त करना अत्यन्त आवश्यक है। हमारी सरकार पंचायतीराज संस्थाओं के सशक्तिकरण के लिए कटिबद्ध है।

में पंचायतों के सहयोग से 56200 महिला समूह सक्रिय रूप से कार्यरत है, जिसमें लगभग 422000 महिलाएं जुड़ी हुई हैं। वर्तमान में लगभग 37000 महिलाएं ह्वलखपति दीदी है, जिनकी वार्षिक आमदनी एक लाख से अधिक है तथा वर्ष 2025 तक 150000 से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। करीब 1,50,000 महिलाएं कृषि एवं सहसम्बन्धी गतिविधियों के माध्यम से स्वयं की आजीविका समृद्ध करने के साथ-साथ राज्य की अर्थव्यवस्था में भी योगदान दे रहीं है। राज्य में स्थानीय एवं जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए तथा स्वस्थ ग्राम थीम की प्राप्ति हेतु स्थानीय मोटे अनाजों का प्रयोग कर नैनो पैकेजिंग इकाईयों के माध्यम से चारधाम प्रसाद तैयार किया जा रहा है। इस मौके पर पंचायती राज विभाग, उत्तराखंड के अपर निदेशक मनोज कुमार तिवारी, एडीओ पंचायत सुनील कोटनाला, ललित सैनी, कलम सिंह राणा, ललित कुमार आदि मौजूद थे।

### उत्तराखण्ड स्वच्छ जल का भंडार

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने पर्याप्त जल युक्त गांव की थीम का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड राज्य स्वच्छ जल का एक महत्वपूर्ण भण्डार है, किन्तु पर्यावरणीय बदलावों का असर राज्य के जल स्रोतों पर भी पड़ रहा है। ग्लेशियर सिकुड़ रहे हैं और मानवीय गतिविधियों एवं अन्य विभिन्न कारणों से पारम्परिक जल स्रोत सूखते जा रहे हैं।

स्रोतों को रिचार्ज करने के लिए पारम्परिक रूप में चाल-खाल बनाकर पानी को संग्रहित किये जाने की आवश्यकता है। जंगलों में भी वर्षा जल संग्रहण के लिए चाल-खाल बनाये जाने की आवश्यकता है, जो न सिर्फ जंगल में नमी बनाये रखने में मददगार होंगे, वरण मनुष्यों एवं जानवरों के पीने के पानी की कमी भी पूर्ण करेंगे। जल स्रोतों के प्रति उत्तराखण्ड के लोगों का पारम्परिक रूप से लगाव रहा है।

# प्रावि गैर के खस्ताहाल भवन के लिए बजट उपलब्ध कराया जाए

नई टिहरी : जनता दरबार में डीएम डा. सौरभ गहरवार से ग्राम पंचायत गैर के प्रधान ने जीर्ण-शीर्ण प्राथमिक विद्यालय भवन के लिए बजट की मांग की। शिक्षा अधिकारी ने बजट न मिलने की बात बताई तो डीएम ने कहा कि जिला प्लान में बजट की मांग करें।

सोमवार को डीएम ने जनता दरबार में आम लोगों की 18 समस्याओं को सुनते हुए सभी का मौके पर निस्तारण किया। सम्बंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में समस्याओं को निस्तारित करने के निर्देश भी दिए। बजट के अभाव में जीर्ण-शीर्ण थौलधार ब्लाक की ग्राम पंचायत गैर नगुण के राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय गैर भवन के लिए जिला प्लान में मांग प्रस्तावित करने के कड़े निर्देश डीईओ के दिए। जनता दरबार में ग्राम मठियाली पोस्ट छोलगांव की जूरी देवी ने पीएम आवस योजनान्तर्गत आवास का लाभ दिये जाने तथा पीएमजीएस सड़क निर्माण के दौरान फलदार वृक्षों का प्रतिकर दिये जाने की मांग की। जिस पर डीएम ने पीडी डीआरडीए और बीडीओ जाखणीधार को प्रकरण पर पात्रता की जांच कर शिकायतकर्ता को पूरी जानकारी मुहैया करवान के निर्देश दिए। खेल स्टेडियम बौराड़ी को खेल गतिविधियों के लिए आरक्षित रखने को वहां पर पड़े सामान को हटाने के संबंध में एसडीएम टिहरी एवं ईओ नगर पालिका को चेक कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। प्रधान ग्राम पंचायत गैर ने ग्राम पंचायत में प्लास्टिक कूड़ा संग्रह केन्द्र स्वीकृति के लिए बजट की मांग की। जिस पर डीपीआरओ को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। इस मौके पर सीडीओ मनीष कुमार, एडीएम केके मिश्रा, पीडी प्रकाश रावत, ईई पुनर्वास आरके गुप्ता, डीडीओ सुनील कुमार, सीएओ अभिलाषा भट्ट, सीईओ एलएम चमोला, जिला सेवायोजन अधिकारी विनायक श्रीवास्तव, एआरटीओ चक्रपाणी मिश्रा, जिला आबकारी अधिकारी कैलाश बिंजौला, डीटीडीओ अतुल भण्डारी, एएमए जिला पंचायत संजय खण्डूरी, एलडीएम कपिल मारवाह, डीएसटीओ साक्षी शर्मा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## प्रवेश परीक्षा 29 अप्रैल को

रूद्रप्रयाग : जवाहर नवोदय विद्यालय बणसू जाखधार की सत्र 2023-24 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 29 अप्रैल को आयोजित होगी। विद्यालय के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में परीक्षा 8 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। बताया कि प्रवेश पत्र विद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की हेल्प के लिए हेल्प डेस्क 8545863276 नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकता है। (एजेंसी)

## अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही तेज

उत्तरकाशी : चारधाम यात्रा की तैयारियों के बीच यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने रोड किनारों पर अनावश्यक अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। सोमवार को पुलिस व नगरपालिका प्रशासन ने उत्तरकाशी के विभिन्न जगहों पर सड़कों से अतिक्रमण हटाते हुए पांच लोगों के खिलाफ पुलिस ऐक्ट में कार्रवाई की। साथ ही अधिकारियों ने अतिक्रमण करने वालों को सख्त कार्रवाई की हिदायत भी दी।डीएम और एसपी के निर्देशन में उत्तरकाशी पुलिस-प्रशासन आगामी चारधाम यात्रा को सुगम एवं सरल बनाने की तैयारियों में जुटा है। यात्रा के दौरान सुगम व बेहतर यातायात व्यवस्था के मध्येनजर नायब तहसीलदार जोशियाड़ा व बाजार पुलिस चौकी प्रभारी के नेतृत्व में नगर पालिका व पुलिस प्रशासन ने जोशियाड़ा बाजार, लदाड़ी से लेकर रामबाड़ा पुल तक रोड पर अनावश्यक अतिक्रमण हटाया। (एजेंसी)

# आर्थिक विकास, स्वरोजगार, पर्यटन के विकास को दिए सुझाव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिले के विकास का खाका तैयार करने को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में क्लेक्ट्रेट सभागार में मंथन शिविर आयोजित किया गया। जिसमें स्थानीय जन प्रतिनिधियों, प्रबुद्वजनों, समाजसेवियों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए जनपद के आर्थिक विकास, स्वरोजगार, पलायन रोकथाम, पर्यटन, शिक्षा, कृषि, बागवानी आदि विषयों पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। मंथन शिविर को जिला प्रशासन की एक अच्छी पहल बताते हुए प्रबुद्वजनों ने इसकी सराहना भी की।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिले की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास योजनाओं के प्रस्ताव तैयार करने के उदेश्य से मंथन शिविर के माध्यम से सुझाव लिए जा रहे है। ताकि स्थानीय समस्याओं एवं उनके समाधान के हिसाब से विकास योजनाएं बनायी जा सके।

उन्होंने कहा कि इसके लिए लगातार संवाद जारी रहेगा। कोई भी अच्छा सुझाव हो तो जरूरी बताएं।



जिलाधिकारी ने कहा कि मंथन शिविर में आज जो भी अच्छे सुझाव रखे गए है, उन पर गंभीरता से विचार करते हुए उनका क्रियान्वयन करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्वजनों एवं समाजिक कार्यकर्ताओं ने बदरी केदार के अलावा अन्य सिद्वपीठों व प्रयागों को भी धार्मिक पर्यटन सर्किट से जोड़ने, पर्यटन स्थलों एवं ट्रैकिंग मार्गों पर मूलभूत सुविधाओं का विकास, सूक्ष्म, लघु उद्यमों की स्थापना, स्थानीय उत्पादों को बढावा देने, सीमांत एवं पर्वतीय जिले के अनुरूप योजनाएं तैयार करने, जंगली जानवरों की समस्या आदि विषयों पर अपने विचार रखते हुए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। इस दौरान कृषि, बागवानी के अलावा एनिमल हसबेंडरी, डेयरी विकास आदि विषयों पर भी मंथन हुआ। मंथन शिविर में गोपेश्वर नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान, नंदप्रयाग नगर पंचायत अध्यक्ष हिमानी वैष्णव, सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश प्रसाद तिवारी, देवी प्रसाद पुरोहित, नंदन सिंह बिष्ट, अतुल शाह, लक्ष्मण सिंह नेगी, मोहन सिंह बिष्ट, पुष्कर सिंह रावत, वीरेन्द्र सिंह नेगी, धनसिंह नेगी आदि सहित डीएफओ इन्द्र सिंह नेगी, अपर जिलाधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी, परियोजना निदेश-क आनंद सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला, जिला पर्यटन अधिकारी एसएस राणा एवं समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# 62 माल वाहक घोड़ा खच्चर को लाइसेंस जारी



रूद्रप्रयाग : केदारनाथ यात्रा के लिए सोनप्रयाग और गौरीकुंड में जिला पंचायत की टीमों द्वारा नियमित रूप से पंजीकरण एवं लाइसेंस बनाने का काम शुरू कर दिया गया। जिला पंचायत ने दूसरे दिन 32 माल वाहक घोडा-खच्चर एवं 30 कंडी के पंजीकरण किए।

आगामी 25 अप्रैल से शुरू हो रही केदारनाथ धाम की यात्रा को लेकर सभी विभागों द्वारा तैयारियां की जा रही है। रविवार से जिला पंचायत की टीमें सोनप्रयाग व गौरीकुंड में नियमित रूप से पंजीकरण व लाइसेंस बनाने के कार्य में जुट गई है। सोनप्रयाग में मालवाहक घोडा-खच्चर व हाकरों का पंजीकरण, जबकि गौरीकुंड में डंडी-कंडी एवं मजदूरों का पंजीकरण व लाइसेंस बनाने का कार्य होगा। पहले दिन एक भी पंजीकरण नहीं हो सका। सोमवार को जिला पंचायत ने 32 माल वाहक घोडे-खच्चरों मेडिकल प्रमाण पत्र एवं बीमा के बाद लाइसेंस जारी किए। जबकि 30 कंडी के पंजीकरण कर उन्हें लाइसेंस निर्गत किए गए। जिला पंचायत की ओर से घोडे-खच्चर एवं डंडी कंडी मजूदरों के लिए लाइसेंस फीस 400 रूपए, 40 रूपए बीमा एवं 214 रूपए टोकन फीस के रूप में लिए जा रहे है। जनपद के विभिन्न स्थानों पर शिविरों के माध्यम से 4500 सवारी घोडे खच्चरों के पंजीकरण पहले ही हो चुका है। यह लाइसेंस छह माह के लिए वैध होगा।

जिला पंचायत के कर अधिकारी गोविंद प्रसाद तिवारी ने बताया कि सोनप्रयाग व गौरीकुंड में लाइसेंस बनाने के दूसरे दिन कुल 62 माल वाहक घोडे खच्चर एवं कंडी के लाइसेंस निर्गत किए गए। पंजीकरण टीम में कर निरीक्षक ज्ञानेन्द्र बगवाडी, दिनेश नौटियाल, बलवीर सिंह नेगी सहित अन्य स्टाफ मौजूद है। (एजेंसी)

## सरकार पहाड़ों में होने वाले मेलों का संरक्षण और संवर्धन करें : नेगी

नई टिहरी : घनसाली केमर पट्टी के फेण्डेश्वर महादेव मंदिर कोठियाडा में आयोजित पौराणिक बैशाख मेले में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। मेले में आये लोगों ने फेण्डेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर मनोती मांगी। साथ ही बच्चों महिलाओं और युवाओं ने मेले में जमकर खरीददारी की।

भिलंगना के बालगंगा नदी के तट पर लगने वाले सुप्रसिद्ध प्राचीन फेण्डेश्वर मेले में दूर दराज से आये दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजाई। मेले में बच्चों ने खिलौने, मिठाई आदि खरीदी तो महिलाओं ने चूड़ी, बिंदी और घरेलू जरूरतों की चीजों की खरीददारी की। श्रद्धालुओं ने फेण्डेश्वर महादेव मंदिर में चढ़ावा भेंटकर आशीर्वाद लिया।

# बौख नाग धाम में यात्रा का किया भव्य स्वागत

उत्तरकाशी : फसलों को ओलावृष्टि, आंधी तूफान सहित अन्य दैवीय आपदाओं से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए भाटिया गांव के ग्रामीण पामिण यात्रा पर बोख नाग धाम पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने घनघोर जंगलों के बीच से होकर 12 किलोमीटर नंगे पांव यात्रा की और बाबा बौख नागराज, आछरी मात्री आदि की पूजा अर्चना की और उन्नत फसल के लिए बाबा बोखनाग से क्षेत्र कुशलता की कामना की।

नौगांव ब्लॉक स्थित भाटिया गांव ग्रामीण रविवार को ढोल दमाऊ के साथ पामिण यात्रा पर बोख नाग धाम के लिए निकले। बौख नाग मंदिर भाटिया गांव से शुरू हुई यात्रा में सभी ग्रामीण भूखे प्यासे और नंगे पैर चलकर घने जंगल के बीच से होते हुए बौख नाग टिब्बा पहुंचे। जहां पर सभी ग्रामीणों ने अपने फसलों को नुकसान से बचाने के लिए आंधी तूफान, ओलावृष्टि की रोकथाम हेतु मेघ पूजन के साथ ही आछरी, मात्री, मशाण सहित अन्य स्थानीय देवी देवताओं की पूजा की और बौख नाग महाराज से अपनी कुशालता की कामना की। ग्रामीण विनोद रावत ने बताया कि बोखनाग देवता के मुख्य पुजारी ने सभी देवी देवताओं की पूजा की पुष्प, फल नैवद्य, दूध, मक्खन, खीर आदि का भोग अर्पित किया। इसके बाद बौख नाग महाराज अपने पश्वा पर अवतरित हुए सभी ग्रामीणों को आशीर्वाद दिया। इसके बाद सभी ग्रामीण अपने गांव भाटिया पहुंचे।

# पर्वत की चिट्ठी ले जाना कविता सुनाकर श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर नगर निगम सभागार में आयोजित पुरुषोत्तम असनोड़ा स्मृति व्याख्यान में उत्तराखण्ड के विभिन्न हिस्सों से आए जन सरोकारों से जुड़े प्रतिनिधियों ने शिरकत की। इस मौके पर उत्तराखण्ड के जन सरोकारों तथा विशेषकर गैरसैंण के संदर्भ में प्रकाशित संदर्भ ग्रन्थ 'गैरसैंण से पुरूषोत्तम असनोड़ा का विमोचन भी किया गया। सात वर्षीय नन्हे रूद्रांश सिल्सवाल ने डॉ. अतुल शर्मा की कविता 'पर्वत की चिट्ठी ले जाना, तू सागर की ओर, नदी तू बहती रहना। गाकर सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता महीपाल सिंह नेगी ने कहा कि पर्वतीय राज्य की अवधारणा को समझने के लिए हमें उसके इतिहास को टटोलना होगा। पर्वतीय राज्य में आज भी जनता के संघर्षों की बानगी उन्होंने अनेक उदाहरणों से बताई। विशिष्ट अतिथि गैरसैंण में श्री भुवनेश्वरी महिला आश्रम के परियोजना प्रबंधक गिरीश डिमरी ने कहा कि असनोड़ा जैसा व्यक्तित्व गैरसैंण को नई पहचान दे गया। इस अवसर पर जनकवि डॉ. अतुल शर्मा ने अपनी कई जन-सरोकारी कविताओं का वाचन भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तराखण्ड परिवर्तन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि हमें तय करना होगा कि हम किस ओर हैं, तब इस राज्य की अवधारणा साकार रूप ले सकेगी। इस अवसर पर भाकपा माले के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी, गैरसैंण से पहुंचे भैरव दत्त असनोड़ा, देवभूमि विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष डा. चैतन्य भंडारी, डा. अरूण कुकशाल, विसर्जन सिंह बुटोला, हरीश रावत, शंभू प्रसाद गौड़, शिव दत्त पाठक, अनुसूया प्रसाद मलासी आदि मौजूद रहे। संचालन उमा घिल्डियाल ने किया। (एजेंसी)

## भारी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित किए जाने से भड़के चौरास क्षेत्र के लोग

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि प्रशासन द्वारा मंगसू सेतु के पास भारी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित किए जाने पर चौरास क्षेत्र के लोगों में गहरा आक्रोश है। इस संदर्भ में क्षेत्र पंचायत सदस्य सांकौं व पूर्व छात्र संघ महासचिव डॉ. प्रताप भंडारी ने मुख्यमंत्री व उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर को ज्ञापन दिया है।

ज्ञापन में बताया गया है कि चौरास क्षेत्र के अंतर्गत पुरानी रोड प्रसिद्ध वैरांगना-नैथाणा से थापली मढ़ी, सांकरौं, संगम विहार, सुपाणा, महरगांव, धारी देवी आदि को जोड़ने वाली सड़क है। जिसमें कुछ हिस्सा मंगसू पॉवर चैनल के पास गढ़वाल विवि का आ रहा है। इस सड़क पर विवि प्रशासन ने 200 मीटर सड़क पर सीसी निर्माण कार्य करवाया है। निर्माण कार्य होने के बाद विवि प्रशासन ने इस भाग पर भारी वाहनों पर रोक हेतु बेरिकेंटिंग लगाई जा रही है। इससे चौरास क्षेत्र में भवन निर्माण से लेकर शादी विवाह आदि कार्यों के लिए भारी वाहनों का उपयोग नहीं हो पाएगा। जबकि विवि प्रशासन को समस्त जमीन चौरास क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा ही दी गई है। कहा यदि विवि प्रशासन द्वारा जबरन सड़क मार्ग को बंद किया जाता है तो चौरास क्षेत्र के समस्त लोग विवि एवं स्थानीय प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन करने को विवश हो जाएंगे। (एजेंसी)

# सिविल सेवा परीक्षा में सफलता के लिए अभ्यर्थियों को दिये टिप्स

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के डॉ. अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र द्वारा सिविल सेवा के अभ्यर्थियों के मार्गदर्शन हेतु ऑनलाइन चर्चा-परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस ऑनलाइन परिचर्चा में मुख्य वक्ता एवं अतिथि के रूप में हेमंत सती (आईएएस 2017 बैच झारखंड कैडर) मौजूद रहे। हेमंत सती द्वारा सिविल सेवा के अभ्यर्थियों को तैयारी के लिए उचित मार्गदर्शन एवं तैयारी के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा एवं मार्गदर्शन किया गया।

हेमंत सती ने कहा कि छात्र ये न सोचें कि सिविल सेवाओं में सफलता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी केवल महंगी अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा ग्रहण करने वाले अमीर लोग ही प्राप्त करते है।

यह परीक्षा देश की सबसे बड़ी परीक्षाओं में से एक है। इसलिए इसकी तैयारी को व्यवस्थित करने की आवश्यकता है।

. अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र की उप समन्वयक प्रो. सीमा धवन ने कार्यक्रम के उपयोगिता छात्रों को बताई और कहा कि हेमंत सती द्वारा स्वयं चारों के बीच आना और अपने अनुभव साझा करना अभ्यर्थियों के लिए बहुत लाभदायक साबित होगा। इससे पहले ऑनलाइन व्याख्यान का शुभारंभ डॉ. आंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र के समन्वयक प्रो. एमएम सेमवाल, उप समन्वयक प्रो. सीमा धवन द्वारा किया गया। प्रो. सेमवाल ने कहा कि चमोली जनपद में पैदा हुए हेमंत सती ने भी गांव की ही सरकारी स्कूल में पढ़ कर अपनी प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण की जो इस बात का प्रतीक है कि हम अपनी मेहनत और लगन से कहीं भी रह कर और किसी भी पृष्ठभूमि में पैदा होने के बावजूद सफलता प्राप्त कर सकते है। (एजेंसी)

## बोट स्वामियों ने सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की

नई टिहरी : टिहरी झील में बोटों संचालन करने वाले बोट स्वामियों ने बैठक कर विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने प्रशासन और टाडा से कोटी कालोनी बोटिंग प्वाइंट पर पर्यटकों के लिये जरुरी सुविधाएं उपलब्ध करने की मांग की है।सोमवार को श्री गंगा भागीरथी बोट संचालक के पूर्व अध्यक्ष लखबीर चौहान की अध्यक्षता में कालोनी बोटिंग प्वाइंट पर बोट संचालकों ने बैठक की। उन्होंने टिहरी झील विशेष क्षेत्र पर्यटन विकास प्राधिकरण (टाडा) से बोटिंग प्वाइंट पर पर्यटकों के लिये शौचालय, प्रतीक्षालय, चेंजिंग रुम, एटीएम आदि की सुविधा उपलब्ध करने की मांग की है। कहा गर्मियों के मौसम में टिहरी झील में अच्छी संख्या में पर्यटक आता तो है, लेकिन असुविधाओं के चलते वह दोबारा झील की ओर रुख नहीं करता है। बताया टाडा ने कोटी कालोनी में 110 लोगों को बोटिंग संचालन के लाइसेंस दिए हैं।

## व्यवसायिक संस्थानों में सिखाए आग से बचाव के गुर

नई टिहरी : फायर विभाग द्वारा 14 से 20 अप्रैल तक मनाये जा रहे अग्नि सेवा सप्ताह के तहत व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर उन्हें अग्नि सुरक्षा की वृहत जानकारी दी। अग्नि सुरक्षा को मौके पर डेमो भी दिया गया। प्रभारी अधिकारी फायर स्टेशन नई टिहरी यशवीर सिंह के नेतृत्व में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण अग्नि सेवा सप्ताह के तहत किया गया। जिसके तहत प्रतिष्ठानों में फायर उपकरणों का निरीक्षण करते हुए आग लगने पर अग्नि सुरक्षा के गुर सिखाते हुए बताया गया कि आग से सुरक्षा के लिए प्रतिष्ठानों में पूर्व ही तैयारियां व उपकरण होने चाहिए, ताकि इमरजेंसी में उनका प्रयोग कर आग से बचाव किया जा सके।

# पुलिस ने टापू में फंसे व्यक्ति को सकुशल निकाला

श्रीनगर गढ़वाल : कोतवाली श्रीनगर के अंतर्गत कलियासौड़ के पास अलकनंदा नदी में गोवा बीच टापू में फंसे एक व्यक्ति को पुलिस ने सकुशल बाहर निकाला।

स्थानीय व्यक्ति ने कलियासौड़ चौकी पर सूचना दी कि गोवा बीच पर एक व्यक्ति पानी के बीच टापू पर फंस गया है। जिस पर चौकी प्रभारी कलियासौड़ उपनिरीक्षक अजय भट्ट के नेतृत्व में पुलिस, एसडीआरएफ व जल पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने गोवा बीच पर फंसे व्यक्ति बिशन चौधरी पुत्र विक्रम सिंह जैलदार, निवासी पट्टी गलियाना थाना सवालका, पानीपत हरियाणा को पानी से सकुशल बाहर निकाला। (एजेंसी)

सम्पादकीय

# गठबंधन की बाधाएं

2024 लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर राजनीतिक दलों की हलचल शुरू हो गई है। भाजपा 2024 में एक बार फिर अपनी सत्ता को जारी रखने के लिए नीति तैयार कर रही है तो वही भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए विपक्ष ने भी एकता के फार्मूले पर चलते हुए मंथन शुरू कर दिया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस मुहिम को लेकर आगे बढ़े हैं और पिछले दिनों उन्होंने विपक्ष के कई बड़ी नेताओं से विपक्ष की आगामी पारी को लेकर मंत्रणा की है। विपक्ष के नेता एक नया गठबंधन बनाने की संभावनाएं तलाश रहे हैं और इसमें निश्चित तौर पर कांग्रेस की एक प्रमुख भूमिका बनने वाली है। एक राष्ट्रीय दल के तौर पर आज भी कांग्रेस अकेली ऐसी पार्टी है जिसका पूरे देश में नेटवर्क बना हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन एवं राहुल गांधी मिशन 2024 की तैयारियों को लेकर कमर कस चुके हैं। हालांकि अतीत बताता है कि विपक्षी दल की एकता ऐन मौके पर खंडित भी होती नजर आई है जिसका लाभ सीधे तौर पर भारतीय जनता पार्टी ने उठाया है। मुख्य तौर पर प्रधानमंत्री के चेहरे के नाम पर गठबंधन में सहमति बनना कोई आसान काम नहीं है। इन परिस्थितियों में विपक्ष के नेता कैसे एक सर्वमान्य नेता का चुनाव कर पाएंगे यह सबसे महत्वपूर्ण विषय होगा। गठबंधन की सरकार में क्षेत्रीय दलों की महत्वपूर्ण भूमिका को नकारा नहीं जा सकता और सरकार बनने की परिस्थितियों में क्षेत्रीय दलों के नेताओं की महत्वकांक्षी अक्सर गठबंधन सरकार को डगमगाने का काम भी करती हैं। एक सरकार का कार्यकाल पूरा करने के लिए गठबंधन को संभाले रखना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य है खास तौर पर उन परिस्थितियों में जब सरकार का मुख्य बनने की दावेदारी में कई नाम शामिल हो। विपक्ष के पास मुद की कमी नहीं है लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि भाजपा के विजय रथ एवं मीडिया मैनेजमेंट के आगे क्या विपक्ष के हथियार कारगर साबित होंगे? आज सोशल मीडिया सरकार बनाने और बिगाड़ने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि सोशल मीडिया में प्रचार की दौड़ में भाजपा का आईटी सेल दौड़ में सबसे आगे रहा है। गठबंधन को लेकर सबसे बड़ी बाधा सीटों की संख्या पर आती है। गठबंधन के नेता सीटों के चयन एवं संख्या पर कैसे एकता के तार बांधे रख सकेंगे यह भी विपक्ष की एकता का एक बड़ा पहलू होगा। अधिकांश राजनीतिक दलों के विचारों में व्यापक असमानताएं हैं, और यही असमानता गठबंधन वाली सरकार का कार्यकाल अधूरे में ही समाप्त होने या फिर डगमगाने का कारण भी बनती है।

# नामकरण की माया

शहर के नए नाम के साथ ही वहां स्थित हर आधिकारिक स्थानों के नामों में बदलाव किया जाता है । तब जाकर किसी शहर का नाम बदलता है । जब भी किसी शहर या जगह का नाम बदला जाता है तो उसमें करोड़ों रूपयों का खर्चा आ जाता है । इसकी वजह है कि बदले गए नाम को हर जगह बदलना पड़ता है । जैसे जब किसी शहर का नाम बदला जाता है तो सभी दस्तावेजों में यह नया नाम दर्ज करना पड़ता है । रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन आदि जगहों पर भी नया नाम लिखा जाता है। इन्हीं सब प्रक्रिया के चलते नाम बदलने में करोड़ों रूपयों का खर्च आ जाता है।

**अजय दीक्षित**

राजनीतिक दलों की नजर सिर्फ वोट बैंक पर लगी रहती है, फिर इसके लिए चाहे जैसे भी हथकंडे क्यों न अपनाने पड़े । पिछले दिन सुप्रीम कोर्ट ने शहरों और स्थलों के नया नाम देने पर टिप्पणी की हैं । वोटों के ध्रुवीकरण के मकसद से दायर की गई एक जनहित याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज करके यह साबित कर दिया कि व्यर्थ के विवादों को जन्म देने से देश का भला नहीं होने वाला । यह याचिका भाजपा नेता और वकील अश्विनी उपाध्याय ने दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि देश के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक-धार्मिक स्थलों के मूल नामों का पता लगाने और उनके वर्तमान नाम से आक्रांताओं के नाम को हटाने के लिए एक नामकरण आयोग का गठन किया जाये । याचिका में यह भी कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट पुरातत्व विभाग को पुराने नामों को प्रकाशित करने के लिए निर्देश दें । याचिका को खारिज करते हुए जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना की पीठ ने कहा कि यह उन मुद्दों को जीवंत करेगा, जो देश में बवाल करवा सकते हैं । फैसला सुनाते हुए बेंच ने कहा कि देश के इतिहास को उसकी वर्तमान और आने वाली पीढियों के लिए छेडऩ् नहीं चाहिये । कोर्ट ने कहा, हिन्दू धर्म एक धर्म नहीं है बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है । इस धर्म में कोई कट्टरता नहीं है । खंडपीठ का कहना था कि अतीत को खोदने से केवल दुश्मनी ही पैदा होगी । शीर्ष कोर्ट के इस आदेश से स्पष्ट है कि नया नामकरण करने के निहित ! राजनीतिक स्वार्थ हैं । इसका मकसद वोट आधारित राजनीति है । राजनीतिक दल देश में मौजूदा समस्याओं के समाधान और विकास की नई तस्वीर पेश करने के बजाय जन भावनाओं को भुनाने के लिए ऐसे विवादित मुद्दे भुनाते रहे हैं । इसमें राष्ट्रीय दल के साथ ही क्षेत्रीय दल भी पीछे नहीं हैं । आजादी के बाद से अब तक 21 राज्यों ने कुल 244 जगहों के नाम बदले हैं । सबसे ज्यादा 76 जगहों के नाम आन्ध्र प्रदेश में बदले गये हैं । तमिलनाडु ने 31और केरल ने 26 जगहों का नाम बदला है । महाराष्ट्र ने भी 18 जगहों का नाम बदला है । उत्तर प्रदेश में आजादी के बाद से अब तक 8 शहरों का नाम ही बदला गया है । आजादी के बाद से अब तर्क देश के 9 राज्यों और 2 संघशासित प्रदेशों का भी नाम बदला गया है । किसी भी शहर या जिले का नाम बदलने के लिए सबसे पहले किसी विधायक या एमएलसी द्वारा इसके लिए सरकार से मांग करना बेहद जरूरी होता है । आम लोगों को इस बदलाव की भारी कीमत चुकानी पड़ती है । औसतन एक शहर का नाम बदलने में 300 करोड़ रुपये तक खर्च होते हैं । अगर शहर बड़ा हो तो यह राशि 1000 करोड़ तक भी पहुंच सकती है । यह खर्च देश और दुनिया में किसी भी शहर की प्रसिद्धि पर निर्भर करता है कि नाम बदलवाने पर कितने पैसे का खर्च आयेगा । शहर के नए नाम के साथ ही वहां स्थित हर आधिकारिक स्थानों के नामों में बदलाव किया जाता है । तब जाकर किसी शहर का नाम बदलता है । जब भी किसी शहर या जगह का नाम बदला जाता है तो उसमें करोड़ों रुपयों का खर्चा आ जाता है । इसकी वजह है कि बदले गए नाम को हर जगह बदलना पड़ता है । जैसे जब किसी शहर का नाम बदला जाता है तो सभी दस्तावेजों में यह नया नाम दर्ज करना पड़ता है । रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन आदि जगहों पर भी नया नाम लिखा जाता है। इन्हीं सब प्रक्रिया के चलते नाम बदलने में करोड़ों रुपयों का खर्च आ जाता है। नाम बदलने में हुआ व्यय लोगों की गाढ़ी कमाई से चुकाये गये टैक्स से पूरा होता है । ऐसे में दूसरी जरूरी विकास योजनाओं के बजट में कटौती करके इस राशि का प्रावधान किया जाता है ।

# मन की बातें: पीएम मोदी की मन की बात

'मन की बातइ के 8 वर्षों के अपने 99 एपिसोड के सफल बनाने के क्रम में, न केवल महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में जनता में जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया गया है, बल्कि उन्हें सामाजिक और राष्ट्रीय हितों को लेकर कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया गया है। बदलाव लाने वालों की प्रेरक कहानियां इस कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं में से एक हैं, जो जमीन पर लगातार और निस्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं, जो न केवल उनके लिए काम करते रहने के लिए प्रेरणा का स्रोत बन जाते हैं, बल्कि लाखों अन्य लोगों को भी प्रेरित करते हैं।अपनी शुरुआत से लेकर, 'मन की बातइ पूरे देश में समुदायों को शामिल करने वाले सामाजिक आंदोलनों को उत्प्रेरित करने वाले जन आंदोलन के एक प्रभावी उपकरण के रूप में उभरा है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए सामाजिक संदेश कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया ट्रेंड बन जाते हैं और कुछ ही हफ्तों में एक जन आंदोलन बन जाते हैं। 'स्वच्छ भारत अभियानइ, 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओइ, 'कोविड टीकाकरणइ और 'हर घर तिरंगाइ इसके कुछ शानदार उदाहरण हैं। हाल ही में 'मन की बातइ के 88वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और नागरिकों से अपने इलाके में अमृत सरोवर बनाने का आग्रह किया। कुछ महीनों के भीतर, प्रधानमंत्री का यह संदेश एक जन आंदोलन में परिवर्तित हो गया और देश भर में कई अमृत सरोवर तैयार हो गए, जो स्थानीय लोगों द्वारा क्षेत्र के सरकारी निकायों की मदद से बनाए गए थे।




**अनुराग सिंह ठाकुर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सार्वभौमिक रूप से एक असाधारण प्रतिभा के धनी वक्ता के रूप में स्वीकार किया जाता है, जो जनता के साथ तत्काल संवाद-संबंध स्थापित कर सकते हैं। उनकी शानदार वक्तृत्व कला, इस अनूठी क्षमता का केवल एक उदाहरण है। जिस लगन के साथ वे बोलते हैं, जिस निष्ठा के लिए वे जाने जाते हैं और पिछले आठ वर्षों में उन्होंने लोगों के साथ जो विश्वास-आधारित संवाद संबंध बनाए हैं, वे सभी मिलकर, जन संचारक के रूप में उनकी सफलता में योगदान देते हैं।

उनके समावेशी दृष्टिकोण को देश के सभी भागों में अभूतपूर्व स्वीकृति मिली है। यह पीएम मोदी के विकास का लोक-केंद्रित मॉडल है, जिसने उन्हें बड़ी संख्या में आम लोगों का प्रिय बना दिया है। लोगों के साथ निरंतर संवाद, जिसे हम 'मन की बात' के रूप में जानते हैं, से जुड़े उनके विचार को गैर-अभिजात्य या साधारण स्तर का कहा जा सकता है। 'मन की बात' कार्यक्रम को अक्टूबर 2014 में लॉन्च किया गया था। वर्षों से यह महीने के अंतिम रविवार के दिन के लिए नियत किया गया है। यह एक रेडियो वार्ता के रूप में शुरू हुआ था; लेकिन अब इसे एक साथ विभिन्न प्लेटफार्मों पर कई भाषाओं में प्रसारित किया जाता है।

मन की बात से पता चलता है कि मोदी के दो व्यक्तित्व हैं - मजबूत, शक्तिशाली और उद्देश्यपूर्ण प्रधानमंत्री मोदी तथा नम्र, दयालु और नेक पिता तुल्य अभिभावक। यदि आप आंख बंद करके 'मन की बात' सुनें, तो आप सोचेंगे कि मोदी जी गांव की चौपाल पर बैठे हैं, लोगों से बातचीत कर रहे हैं, उनकी बातें सुन रहे हैं, उनसे साथ संवाद कर रहे हैं, जहां जरूरत हो वहां ज्ञान भरी सलाह दे रहे हैं या किसी अनुकरणीय कार्य के लिए किसी की तारीफ कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने दुर्घटना पीड़ितों के परिवारों के साथ अपनी बातचीत साझा की, जिन्होंने बहादुरी से अपने प्रियजनों के अंग दान करने के फैसले किये थे। मोदी जी ने उस बातचीत का उपयोग अंगदान के नेक विचार को बढ़ावा देने के लिए किया।

ऐसे कई उदाहरण दिए जा सकते हैं, जिनमें जलवायु की विपरीत स्थितियों से निपटने से लेकर स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़े सामान्य लोगों के अच्छे कार्यों के लिए उन्हें उदार मन से बधाई देना आदि शामिल हैं। पीएम मोदी की 'मन की बात' अनिवार्य रूप से वास्तविक जीवन की कहानियों और अनुभवों के बारे में है। ऐसी कहानियां, जो वास्तविक भारत को दर्शाती हैं और लुटियंस दिल्ली की संकीर्ण सीमाओं से परे हैं। इसी वजह से 'मन की बात' का हर एपिसोड अत्यधिक लोकप्रिय होता है और इसे लाखों प्रतिक्रियाएं मिलती हैं। यह लोगों के साथ प्रतिध्वनित होता है, क्योंकि यह उनकी चिंताओं के बारे में है।

मन की बात का पहला एपिसोड 3 अक्टूबर, 2014 को प्रसारित किया गया था। यह 30 अप्रैल, 2023 को 100 एपिसोड पूरे करेगा। मन की बात अपनी विषय वस्तु, डिजाइन, बातचीत और आम लोगों तथा समग्र रूप से समाज के साथ संवाद करने के अभिनव तरीके के मामले में अद्वितीय है। 262 रेडियो स्टेशनों और 375 से अधिक निजी और सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के साथ दुनिया के सबसे बड़े रेडियो नेटवर्क 'ऑल इंडिया रेडियो' के माध्यम से, भारतीय प्रधानमंत्री सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से विभिन्नता वाली विशाल आबादी तक पहुँचते हैं, उन्हें न केवल सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक मुद्दों पर, बल्कि जलवायु परिवर्तन, अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा संकट जैसी चुनौतीपूर्ण समस्याओं पर भी प्रेरित व सक्रिय करते हैं, जिनका दुनिया आज सामना कर रही है।

भारतीय लोक प्रसारक, प्रसार भारती मन की बात का अनुवाद और प्रसारण 52 भाषाओं/बोलियों में करता है, जिसमें 11 विदेशी भाषाएँ शामिल हैं, ताकि देश के सबसे दूर-दराज क्षेत्रों से लेकर विदेशों में रहने वाले भारतीयों तक इसकी पहुँच सुनिश्चित हो सके। मन की बात भारत का पहला वर्चुअल रूप से समृद्ध रेडियो कार्यक्रम है, जिसे टीवी चैनलों द्वारा एक साथ प्रसारित किया जाता है। दूरदर्शन नेटवर्क के 34 चैनल और 100 से अधिक निजी सैटेलाइट टीवी चैनल इस अभिनव कार्यक्रम को देश भर में प्रसारित करते हैं, जो संचार के इस पारंपरिक माध्यम के प्रति एक नई रुचि और जागरूकता पैदा करते हैं। फरवरी 2022 से हर महीने विशेषज्ञों और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अग्रणी व्यक्तियों के लेखों के साथ एक स्मार्ट तरीके से तैयार पुस्तिका भी प्रकाशित की जा रही है, जो डिजिटल रूप से 60 मिलियन से अधिक लोगों तक पहुंचती है।

इतने व्यापक प्रभाव के साथ, मन की बात को एक सामाजिक क्रांति के रूप में देखा जा रहा है (जो सही भी है)। इस कार्यक्रम को जनभागीदारी से ठोस आधार प्राप्त होता है। इस कार्यक्रम की परिकल्पना और कार्यान्वयन, नागरिकों के साथ जुड़ाव और भागीदारी के विचार पर आधारित है, जो कार्यक्रम के नाम से लेकर विषयों की पसंद और लोगों द्वारा सक्रियता से काम करने के आह्वान तक से परिलक्षित होते है, जिन्हें प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में शामिल करते हैं। प्रत्येक एपिसोड व्यक्तियों की परिवर्तनकारी शक्ति में प्रधानमंत्री के अटूट विश्वास के आधार पर तैयार किया जाता है और शासन में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री देश भर के लाखों लोगों तक अपनी बात पहुंचाने में सफल रहे हैं। वे इस प्लेटफार्म का देश के लिए अपने दृष्टिकोण को साझा करने में उपयोग करते हैं और राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी चाहते हैं।

'मन की बातइ का प्राथमिक उद्देश्य भारत के प्रधानमंत्री और देश के नागरिकों के बीच सीधा संपर्क बनाना है। हर महीने, प्रधानमंत्री को देश भर से लाखों पत्र मिलते हैं, जिस पर वे कार्यक्रम के दौरान प्रकाश डालते हैं। कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री का लोगों से टेलीफोन पर बातचीत करना भी कोई असामान्य बात नहीं है। निर्वाचित नेता और जनता के बीच संचार का ऐसा तरीका लोकतंत्र और शासन में लोगों के विश्वास को काफी मजबूत करता है।

'मन की बातइ के 8 वर्षों के अपने 99 एपिसोड के सफल बनाने के क्रम में, न केवल महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में जनता में जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया गया है, बल्कि उन्हें सामाजिक और राष्ट्रीय हितों को लेकर कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया गया है।

बदलाव लाने वालों की प्रेरक कहानियां इस कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं में से एक हैं, जो जमीन पर लगातार और निस्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं, जो न केवल उनके लिए काम करते रहने के लिए प्रेरणा का स्रोत बन जाते हैं, बल्कि लाखों अन्य लोगों को भी प्रेरित करते हैं।

अपनी शुरुआत से लेकर, 'मन की बातइ पूरे देश में समुदायों को शामिल करने वाले सामाजिक आंदोलनों को उत्प्रेरित करने वाले जन आंदोलन के एक प्रभावी उपकरण के रूप में उभरा है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए सामाजिक संदेश कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया ट्रेंड बन जाते हैं और कुछ ही हफ्तों में एक जन आंदोलन बन जाते हैं। 'स्वच्छ भारत अभियानइ, 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओइ, 'कोविड टीकाकरणइ और 'हर घर तिरंगाइ इसके कुछ शानदार उदाहरण हैं। हाल ही में 'मन की बातइ के 88वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और नागरिकों से अपने इलाके में अमृत सरोवर बनाने का आग्रह किया। कुछ महीनों के भीतर, प्रधानमंत्री का यह संदेश एक जन आंदोलन में परिवर्तित हो गया और देश भर में कई अमृत सरोवर तैयार हो गए, जो स्थानीय लोगों द्वारा क्षेत्र के सरकारी निकायों की मदद से बनाए गए थे। इसके बाद, 92वें एपिसोड में, प्रधानमंत्री ने नागरिकों के त्वरित प्रयासों की सराहना की, क्योंकि उन्होंने उत्तर प्रदेश के ललितपुर में भगत सिंह अमृत सरोवर और कर्नाटक के बिलकेरूर में अमृत सरोवर जैसे विभिन्न अमृत सरोवरों के बारे में चर्चा की।

'सशक्त भारतइ के निर्माण की दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, 'मन की बातइ का यह कार्यक्रम देश की उन राष्ट्रीय एवं वैश्विक सफलताओं को उजागर करने पर केन्द्रित है, जो नागरिकों में गर्व, अपनेपन और राष्ट्रवाद की भावना पैदा करते हुए लोगों से देश के विकास में भाग लेने का आग्रह करती है। इस कार्यक्रम की 89वीं कड़ी में, प्रधानमंत्री ने भारत में यूनिकॉर्न की संख्या के 100 के आंकड़े तक पहुंचने पर प्रकाश डाला। इसके 91वीं कड़ी में, 'हर घर तिरंगाइ अभियान की सामूहिक भागीदारी और देशव्यापी सफलता का उत्सव मनाया गया, जिससे हर भारतीय का हृदय गर्व से भर गया। ऐसे कई और उदाहरण हैं जो यह दिखाते हैं कि कैसे 'मन की बातइ सिर्फ एक रेडियो कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह भारत के समग्र विकास का प्रतिबिंब और सार्वजनिक भागीदारी की अभिव्यक्ति है।

'मन की बातइ कार्यक्रम के माध्यम से, प्रधानमंत्री ने सफलतापूर्वक कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों को हर स्तर पर लोगों तक पहुंचाने और इसके बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु एक तंत्र स्थापित किया है। इतना ही नहीं, इसके माध्यम से प्रधानमंत्री यह भी बताते हैं कि कैसे ये योजनाएं जमीनी स्तर पर लोगों को लाभान्वित करती हैं और अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं का लाभार्थी बनने के लिए प्रेरित करती हैं।

संकट के समय में भी, इस कार्यक्रम ने लोगों को सूचित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उदाहरण के लिए इसने कोविड महामारी के दौरान लोगों को वस्तुस्थिति से अवगत कराया और उन्हें टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया। भारत की टीके की कहानी की सफलता का श्रेय काफी हद तक 'मन की बातइ कार्यक्रम को जाता है। यही हमारे जीवन में 'मन की बातइ कार्यक्रम की प्रासंगिकता और इसके महत्व का पर्याप्त प्रमाण है।

**लेखक केंद्रीय सूचना और प्रसारण, और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री हैं**

# तमिलनाडु विधानसभा का जरूरी प्रस्ताव

तमिलनाडु से लेकर केरल और झारखंड तक कई ऐसे मामले देखने को मिले, जब राज्यपालों ने समय सीमा तय नहीं होने के प्रावधान का इस्तेमाल कर सरकार की सिफारिशें या विधानसभा से पारित विधेयक रोके रखे।

तमिलनाडु विधानसभा ने एक प्रस्ताव पास किया है, जो राज्यपालों के कामकाज को देखते हुए बेहद जरूरी प्रतीत हो रहा है। राज्य की विधानसभा ने प्रस्ताव पास करके केंद्र सरकार से अपील की है कि वह विधानसभा से पास किए गए विधेयकों को राज्यपाल से मंजूरी मिलने की एक समय सीमा तय करने का कानून बनाए। इस कानून की जरूरत इसलिए है क्योंकि कई राज्यों में यह देखने को मिला है कि विधानसभा से पास किए गए विधेयक महीनों तक राजभवन में लंबित रहते हैं। सरकार की ओर से भेजे गए प्रस्ताव पर महीनों या बरसों तक राज्यपाल फैसला नहीं करते हैं। इससे सरकार का कामकाज प्रभावित होता है। इस तरह की घटनाएं आमतौर पर गैर भाजपा दलों के शासन वाले राज्यों में हो रही हैं। तमिलनाडु में पिछले दिनों राज्यपाल ने ऑनलाइन गैम्बलिंग को रोकने वाले विधेयक को मंजूरी दी। उससे पहले यह विधेयक 131 दिन यानी चार महीने से ज्यादा समय तक राज्यपाल के यहां लंबित रहा था। ऐसी स्थिति से बचने के लिए तमिलनाडु विधानसभा ने प्रस्ताव पास किया है।

संविधान का अनुच्छेद 163 राज्यपाल को स्वविवेक से फैसला करने का अधिकार देता है। इसी के तहत विधानसभा से पास करके भेजे गए किसी विधेयक को मंजूरी देने का मामला भी आता है। यह राज्यपाल के स्वविवेक पर निर्भर करता है और संविधान में ऐसी कोई समय सीमा तय नहीं की गई है कि राज्यपाल कितने समय के भीतर विधेयक को मंजूर करके या बिना मंजूर किए वापस लौटाएंगे। संविधान की इस अस्पष्टता का फायदा उठा कर कई राज्यपाल विधानसभा से पास किए गए विधेयकों को अनिश्चितकाल तक रोके रखते हैं। इससे राज्य सरकारों के कामकाज पर असर होता है। तमिलनाडु से लेकर केरल और झारखंड तक कई ऐसे मामले देखने को मिले, जब राज्यपालों ने समय सीमा तय नहीं होने के प्रावधान का इस्तेमाल कर सरकार की सिफारिशें या विधानसभा से पारित विधेयक रोके रखे। झारखंड के मुख्यमंत्री की विधानसभा से अयोग्यता के मसले पर चुनाव आयोग ने पिछले साल अगस्त में अपनी रिपोर्ट राज्यपाल को भेजी थी, जिसे राज्यपाल ने अभी तक सार्वजनिक नहीं किया है। इसी तरह महाराष्ट्र में तत्कालीन उद्धव ठाकरे सरकार की ओर से विधान परिषद में नामित करने के लिए 12 नामों की सिफारिश राज्यपाल से की गई थी लेकिन एक साल से ज्यादा समय तक राज्यपाल ने उन नामों को मंजूरी नहीं दी। इससे राज्य सरकार और राज्यपाल के बीच टकराव बढ़ता है। ऐसी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए राज्यपालों की मंजूरी की समय सीमा तय होनी चाहिए।

# तो म्यांमार के द्वीप से चीन की भारत जासूसी ?

म्यांमार पहले से ही बंटा हुआ और बिखरा हुआ देश था। अब वह अफगानिस्तान बनने की राह पर है। अपनी मूलभूत आर्थिक आवश्यकताओं के लिए चीन पर पूर्ण निर्भरता के चलते बीजिंग जब चाहे तब म्यांमार के सैनिक शासकों की बांह मरोड़ सकता है। म्यांमार को चीन और रूस से विमान मिल रहे हैं। इसलिए वहां का सैन्य शासन सार्वजनिक रूप से इन देशों के प्रति अपनी अहसानमंदी और समर्थन व्यक्त कर चुका है। जहां तक कोको द्वीप समूह का सवाल है, ऐसी खबरें हैं कि भारत सरकार ने म्यांमार को सेटेलाईट से ली गई वे तस्वीरें दिखाई हैं जिनमें चीनी कर्मी रेडियो सिग्नलों को पकडऩे की प्रणाली के निर्माण में जुटे हुए हैं। परंतु मिलिट्री जुंटा ने सभी आरोपों को गलत बताया है। भारत के चीन के साथ पहले से ही संबंध तनावपूर्ण हैं। क्वाड देशों के साथ भारत के बढ़ते सहयोग के चलते भी चीन हिंद महासागर में अपनी गुप्तचर

**श्रुति व्यास**

लडखडाता, दरकता हुआ म्यांमार, भारत के लिए सिरदर्द बन रहा है। पिछले ही हफ्ते जारी लन्दन के एक नीति विश्लेषण समूह चैथम हाउस की रपट में कहा गया है कि "कुछ ही समय बाद भारत के युद्धपोतों की आवाजाही पर म्यांमार की सेना की नजऱ रहेगी।" यों सन् 1990 के दशक से ही इस आशय की रपटें मिलती रही हैं कि म्यांमार ने चीन को कोको द्वीप समूह पर हवा से गुजरते रेडियो संदेशों को पढने् के लिए आवश्यक सुविधाएं विकसित करने की अनुमति दी है। परंतु इस बार ये रपटें गंभीर चिंता का विषय हैं।

उपग्रह से लिए गए चित्रों से पता चलता है कि म्यांमार के कोको द्वीप समूह पर बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य चल रहा है जिसका उद्धेश्य नजदीकी अंडमान में भारत की सैन्य गतिविधियों की निगरानी के लिए आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करना है। कोको द्वीप समूह, अंडमान व निकोबार द्वीप समूह के उत्तरी छोर से केवल 55 किलोमीटर दूर है।

दो साल पहले म्यांमार की सेना आंग सांन सू की के नेतृत्व वाली निर्वाचित सरकार का तख्ता पलटकर सत्ता पर काबिज हो गई थी। जनरल मिन आंग ल्योन तानाशाह बन बैठे और उन्होंने भय तथा आतंक का जो राज कायम किया है वह सारी दुनिया के लिए चिंता का सबब बन गया है, विशेषकर भारत के लिए (यद्यपि भारत के म्यांमार से 'अच्छे रिश्तेइ कायम हैं)। प्राप्त खबरों से संकेत मिलता है कि म्यांमार में लोगों को उसी प्रकार के हथियारों से मारा जा रहा है जिनका प्रयोग यूक्रेन में हो रहा है। सैन्य तानाशाह हथियारों के लिए रूस और चीन पर निर्भर हैं। इन हथियारों का प्रयोग जनप्रतिरोध को कुचलने के लिए किया जाता है। सबसे ताज़ा घटना मंगलवार सुबह की है जब सेंयांग इलाके में एक गांव में एक कार्यक्रम के दौरान हवाईजहाज़ से बम गिराए गए, इस क्रूर हमले में करीब सौ लोग मारे गए। इनमें कई महिलाएं और बच्चे थे। यह कार्यक्रम स्थानीय पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ), जो कि सैनिक शासन के विरूद्ध संघर्ष कर रहे वालंटियर्स का समूह है, द्वारा स्थापित प्रशासनिक भवन के उद्घाटन का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया गया था।

म्यांमार में जो कुछ हो रहा है उस पर दुनिया की प्रतिक्रिया वैसी नहीं है जैसी होनी चाहिए। कई देश सैनिक शासन और उसके जुल्मों की आलोचना तो कर रहे हैं किंतु जुबानी जमा खर्च से आगे बढने् को तैयार नहीं हैं। इनमें भारत भी शामिल है। भयग्रस्त लोग म्यांमार छोड़कर भाग रहे हैं और सीमा पार भारत के मिजोरम और मणिपुर में घुस रहे हैं। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार मणिपुर में म्यांमार के 23 नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। राज्य में 129 म्यांमारी नागरिक पहले से ही हिरासत शिविरों में हैं। परंतु अब तक भारत सरकार ने आधिकारिक रूप से यह नहीं बताया है कि म्यांमार की सीमा से सटे भारतीय राज्यों में उस देश से कितने शरणार्थी आ चुके हैं।म्यांमार पहले से ही बंटा हुआ और बिखरा हुआ देश था। अब वह अफगानिस्तान बनने की राह पर है। अपनी मूलभूत आर्थिक आवश्यकताओं के लिए चीन पर पूर्ण निर्भरता के चलते बीजिंग जब चाहे तब म्यांमार के सैनिक शासकों की बांह मरोड़ सकता है। म्यांमार को चीन और रूस से विमान मिल रहे हैं। इसलिए वहां का सैन्य शासन सार्वजनिक रूप से इन देशों के प्रति अपनी अहसानमंदी और समर्थन व्यक्त कर चुका है। जहां तक कोको द्वीप समूह का सवाल है, ऐसी खबरें हैं कि भारत सरकार ने म्यांमार को सेटेलाइट से ली गई वे तस्वीरें दिखाई हैं जिनमें चीनी कर्मी रेडियो सिग्नलों को पकडने् की प्रणाली के निर्माण में जुटे हुए हैं। परंतु मिलिट्री जुंटा ने सभी आरोपों को गलत बताया है। भारत के चीन के साथ पहले से ही संबंध तनावपूर्ण हैं। क्वाड देशों के साथ भारत के बढ़ते सहयोग के चलते भी चीन हिंद महासागर में अपनी गुप्तचर प्रणाली को और सशक्त करना चाहेगा।चैथम हाउस की रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि "अगर कोको द्वीप समूह में म्यांमार का सैन्य ठिकाना पूरी तरह से स्थापित हो जाता है तो अंडमान-निकोबार और भारत की मुख्य भूमि के बीच होने वाले सारे सैन्य वार्तालाप और हवाई जहाजों, युद्धपोतों आदि की आवाजाही पर नजर रखी जा सकेगी। जो जानकारियां इक्ट्ठी होंगी वे या तो गुप्तचरों के

## बिहार में कोरोना मरीजों की संख्या में वृद्धि, एईएस भी डराने लगा

**पटना , एजेंसी।** बिहार में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में वृद्धि के साथ ही एक्यूट इंसेफलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) से पीड़ित मरीजों की दस्तक भी हो चुकी है। राज्य में एईएस के अब तक इस साल 11 मरीज सामने आ चुके है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो राज्य में रविवार को पटना में 60 नए कोरोना संक्रमितों के साथ राज्य में 137 नए संक्रमित मिले हैं। राज्य में फिलहाल सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर करीब 500 तक पहुंच चुकी है। राहत की बात है कि इस बार कोरोना वायरस ज्यादा खतरनाक नहीं दिख रहा है। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी बताते है कि वायरस के जानलेवा नहीं होने का परिणाम है कि मरीज घरों में ही रहकर स्वस्थ हो जा रहे हैं, उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं पड़ रही है।

इधर, अप्रैल में उमस भरी गर्मी के बीच एईएस मरीज अस्पताल पहुंचने लगे हैं। 15 अप्रैल तक 11 मरीज अस्पताल पहुंच चुके हैं। मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच में रविवार को भी एईएस के लक्षण वाला एक मरीज पहुंचा है, हालांकि अभी एईएस की पुष्टि नहीं हुई है।

## टिकट न मिलने से नाराज 2 भाजपा नेताओं ने खाया जहर, एक की मौत, दूसरा गंभीर

**लखनऊ , एजेंसी।** बड़ी खबर उत्तर प्रदेश के शामली और अमरोहा से है। यहां टिकट कटने से नाराज दो भाजपा नेताओं ने जहर खा लिया, जिसमें से एक व्यक्ति की मौत हो गई। शामली के कांधला थाना क्षेत्र के कस्बा कांधला में सभासद पद के लिए एक व्यक्ति बीजेपी से टिकट मांग रहा था। लेकिन, पार्टी ने उसे टिकट नहीं दिया। इसके बाद उसने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे आनन–फानन में मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक का नाम दीपक सैनी है।

वहीं, दीपक की मौत से मोहल्ले में सन्नाटा पसर गया है। मृतक के घरवाले सदमे में हैं। उनका रो–रोकर बुरा हाल है। मृतक की मां ने बताया कि इस बार दीपक चुनाव लडना चाहता था। लेकिन, बीजेपी नेताओं ने टिकट बंटवारे में धांधली की। वहीं, स्थानीय लोगों को ये विश्वास नहीं हो रहा है कि दीपक अब इस दुनिया में नहीं है। मृतक दीपक सैनी वार्ड नंबर 3 नगर पंचायत कांधला से सभासद रह चुका है। मृतक की मां ने बीजेपी के नगर पंचायत और कांधला के प्रत्याशी नरेश सैनी पर गंभीर आरोप लगाया है। आरोप है कि बीजेपी के प्रत्याशी नरेश ने अपने बराबर में ना खड़े होने के कारण बेटे का टिकट कटवा दिया।

## राजस्थान में चार दिनों में कोविड से 12 की मौत

**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान में चार दिनों में तीन और मौतों के साथ ही कोविड से संबंधित 12 मौतें दर्ज की गई हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रविवार शाम तक 422 मामले दर्ज किए गए, इससे कुल मामलों की संख्या 2,340 हो गई। राजस्थान में 16 अप्रैल तक कोविड से 22 मौतें दर्ज की गई हैं। रविवार को दर्ज की गई तीन मौतें नागौर, पाली और बीकानेर में हुई हैं।

रविवार को, जयपुर में 104 मामले देखे गए, जो जिले में सबसे अधिक थे, जबकि जोधपुर में 65, भरतपुर में 52, उदयपुर में 32, नागौर में 43 और 72 अन्य 19 जिले थे। स्वास्थ्य अधिकारियों ने पुष्टि की कि कुल 9,755 नमूने एकत्र किए गए, जिनमें से 422 पॉजिटिव आए और 137 ठीक हो गए।

# 'जो कुछ नहीं कर पाते, वे भारत जोड़ने निकल पड़ते हैं': राजनाथ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में आज से 'सौराष्ट्र–तमिल संगमम' कार्यक्रम का उद्घाटन रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने किया। इस मौके पर अपने संबोधन में उन्होंने देश की सांस्कृतिक सुरक्षा पर बल दिया। यहां बोलते हुए रक्षामंत्री ने कहा कि देश की पहचान को बनाए रखने के लिए "सांस्कृतिक सुरक्षा" भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी कि सुरक्षा के अन्य पहलू। इस दौरान राजनाथ सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' को लेकर भी बिना नाम लिए उनपर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो लोग कुछ और करने में सक्षम नहीं हैं, वह भारत को जोड़ने के लिए निकल पड़ते हैं जो पहले ही 'एकजुट और अविनाशी' है।

रक्षामंत्री ने अपने संबोधन में यहां यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हमारी सभ्यता, धर्म और संस्कृति को समर्पित गतिविधियों को देखते हुए कह सकते हैं कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण हम पर निर्भर करता है। उन्होंने आगे कहा कि आप सभी सीमा सुरक्षा, आर्थिक सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और खाद्य सुरक्षा के बारे में जानते हैं। अब अंतरिक्ष और साइबर सुरक्षा जैसे नए आयाम भी जुड़ गए हैं। हाँ, सुरक्षा का एक और आयाम है जो उतना ही महत्वपूर्ण है और वह आयाम है हमारी संस्कृति का। इसे सांस्कृतिक सुरक्षा भी कहा जा सकता है। जिस तरह किसी राष्ट्र की पहचान को अक्षुण्ण रखने के लिए सीमाओं की सुरक्षा और अन्य चीजों की जरूरत होती है, उसी तरह देश की पहचान को बनाए रखने के लिए उसकी संस्कृति की सुरक्षा भी जरूरी है। भारत की सांस्कृतिक परंपरा इतनी मजबूत है कि तेज आंधी भी इसे हिला नहीं सकती।

अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने कहा कि लेकिन कुछ लोगों को ऐसे अखंड और अद्वितीय भारत को जोड़ने का फैशन है। जो और कुछ नहीं कर पाते हैं वे भारत को जोड़ने निकल पड़ते हैं, लेकिन भारत कह रहा है कि 'मैं अखंड हूं, मैं टूटा नहीं हूं', बावजूद इसके वे कहते हैं कि नहीं, मैं आपको जोड़ता रहूंगा।' राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर तंज कसते हुए परोक्ष रूप से उन्होंने कहा कि आज नहीं, ये लंबे समय से भारत को जोड़ने का काम कर रहे हैं।

'सौराष्ट्र–तमिल संगमम' के उद्घाटन समारोह में अपने संबोधन में उन्होंने आगे कहा कि इस समय भारत एक बड़े सांस्कृतिक परिवर्तन का साक्षी बन रहा है। हम भाग्यशाली हैं कि हम न केवल साक्षी हैं बल्कि इस परिवर्तन के सहभागी भी हैं। इस दौरान उन्होंने अयोध्या में बन रहे राममंदिर का भी जिक्र किया। राजनाथ सिंह ने कहा कि एक बार देश की जनता के दिलों में बसने वाले भगवान राम के लिए अयोध्या में जगह तलाशना मुश्किल हो गया था। कई पीढ़ियां तो यह सोचते हुए ही खत्म हो गईं कि राम मंदिर का निर्माण हो भी पाएगा या नहीं।

विपक्ष पर तंज कसते हुए उन्होंने आगे कहा कि लोगों ने हमारा मजाक उड़ाया और इसके निर्माण की तारीख पूछी। अब पीएम मोदी के नेतृत्व में आखिरकार भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। राजनाथ सिंह ने कटाक्ष करते हुए कहा कि एक बार भव्य मंदिर का निर्माण पूरा हो जाए फिर इसके निर्माण की तारीख के बारे में पूछने वालों को भी इसके उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया जाना चाहिए।

## नई दिल्ली–कालका शताब्दी एक्सप्रेस सोनीपत स्टेशन पर रुकेगी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**दिल्ली :** रेलयात्रियो के सुविधा के लिए सुविधा के लिए रेलवे ने रेलगाड़ी संख्या नई दिल्ली-कालका-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस को 20 अप्रैल 223 से छः माह के लिए प्रायोगिक आधार पर सोनीपत स्टेशन पर निम्नानुसार ठहराव देने का निर्णय लिया है। नई दिल्ली-कालका शताब्दी एक्सप्रेस सोनीपत स्टेशन पर सुबह 8.20 बजे जबकि वापसी दिशा में कालका-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस रात 8.52 बजे सोनीपत स्टेशन पर रुकेगी। 20 अप्रैल 2023 से दोनों दिशाओं में यह ठहराव दो-दो मिनट के लिए होगा। इसके अलावा रेलवे ने दुर्ग-उधमपुर साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस के पानीपत स्टेशन पर ठहराव समय में संशोधन किया है। 19 अप्रैल 2023 से यह रेलगाड़ी पानीपत स्टेशन पर सुबह 08.51 के स्थान पर सुबह 8.36 बजे पहुंचेगी तथा यहां से यह रेलगाड़ी 08.53 बजे के स्थान पर सुबह 08.38 बजे प्रस्थान करेगी।

## चीन की नई चाल, अरुणाचल के बाद अब हिन्द महासागर में 19 जगहों के बदल दिए नाम

**बीजिंग , एजेंसी।** वैश्विक मंच पर उभरते चीन ने अपने विस्तारवादी इरादों का संकेत देते हुए दक्षिणी हिन्द महासागर की गहराई में स्थित 19 समुद्री तलों के नाम बदल दिए हैं। चीन की तरफ से की गई यह कार्रवाई भारत की संप्रभुता और हिंद महासागर क्षेत्र में भारतीय प्रभाव क्षेत्र में सीधा दखल है। एक महीने में भारतीय संप्रभुता के साथ छेड़छाड़ करने की यह शी जिनपिंग के शासनकाल में चीन की दूसरी हिमाकत है। इसे हिन्द महासागर में चीन की बढ़ती दखल के रूप में भी देखा जा रहा है।इससे पहले चीन ने 2 फरवरी को अरुणाचल प्रदेश में 11 जगहों के भौगोलिक नाम बदल दिए थे, जिसकी भारत सरकार ने कड़ी निंदा की थी और चीनी दावों को खारिज कर दिया था। इस घटना के एक दिन पहले ही चीन ने दक्षिण हिंद महासागर की गहराई में स्थित 19 समुद्री तल के नाम बदल दिए, जो भारतीय प्रायद्वीप से लगभग 2,000 किलोमीटर दूर हैं। चीनी प्रचार मीडिया ने इसे बीजिंग का सॉफ्ट पावर प्रोजेक्शन कहा है।

बता दें कि 2011 में इंटरनेशनल सी–बेड अथॉरिटी ने चाइना ओशन मिनरल रिसोर्सेज आरएंडडी एसोसिएशन के साथ मेडागास्कर के पास हिंद महासागर के दक्षिण–पश्चिम रिज में 15 साल के लिए एक उत्खनन अनुबंध किया था जो चीनी मुख्य भूमि से दूर था। हिंद महासागर में चीन को अलॉट किए गए समुद्री इलाके से उत्तर स्थित दक्षिण–पश्चिम रिज में इंटरनेशनल सी–बेड अथॉरिटी ने भारत के साथ भी कीमती धातु पॉलीसल्फाइड मॉड्यूल के उत्खनन लिए अनुबंध करार किया था। हिंद महासागर में चीन द्वारा नामित 19 समुद्री तल सुविधाओं में से, छह ओमान के तट और अफ्रीकी हॉर्न से दूर जिबूती के चीनी बंदरगाह के करीब हैं। इनके अलावा मेडागास्कर के तट पर चार सी–बेड फीचर्स हैं। आठ हिंद महासागर के दक्षिण–पश्चिम रिज पर और एक अंटार्कटिका की ओर गहरे हिंद महासागर में रिज फीचर्स के पूर्व में स्थित है।

**डीएमके के 500 करोड़ रुपये के हर्जाने की मांग पर बीजेपी अध्यक्ष अन्नामलाई का जवाब, कहा**

## करेंगे 501 करोड़ का दावा



**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक ने भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई को कानूनी नोटिस भेजकर हर्जाने के तौर पर 500 करोड़ रुपये की मांग की थी। इसके जवाब में अन्नामलाई ने सोमवार को द्रमुक से उनके खिलाफ आधारहीन आरोप लगाने के लिए हर्जाने के रूप में 501 करोड़ की राशि की मांग की।अन्नामलाई ने कहा कि मैं सार्वजनिक रूप से मेरे और भाजपा के खिलाफ निराधार आरोप लगाने के लिए हर्जाने की मांग करता हूं।

मैं पीएम केयर फंड में राशि का भुगतान करना चाहता हूं। अन्नामलाई ने ट्विटर पर एक बयान साझा किया जिसका शीर्षक था कि मैं कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार हूं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने दावा कि द्रमुक शासन के दौरान मेट्रो रेल परियोजना में भ्रष्टाचार के सबूत मौजूद हैं और हम उसे सीबीआइ को सौंपेंगे।

कानूनी नोटिस जारी करने वाले द्रमुक के संगठन सचिव आर एस भारती पर निशाना साधते हुए अन्नामलाई ने कहा कि सीबीआइ द्वारा आपकी पार्टी के अध्यक्ष और इसमें शामिल अन्य लोगों को तलब करने तक सब्र रखें। भारती ने नोटिस में मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ अन्नामलाई द्वारा डीएमके फाइल्स नामक दस्तावेजों में लगाए आरोपों को झूठा, निराधार, मानहानिकारक, काल्पनिक और निंदनीय करार दिया है।

## पाकिस्तान में भयानक हादसा, कार और ट्रक की टक्कर में 6 पुलिसकर्मियों की दर्दनाक मौत

**इस्लामाबाद , एजेंसी,।** पाकिस्तान के दक्षिण–पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार जिले में तड़के एक कार और ट्रक की टक्कर में छह पुलिसकर्मियों की मौत हो गई।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दुर्घटना जिले के वाध इलाके में क्वेटा–कराची राष्ट्रीय राजमार्ग पर उस समय हुई जब विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी, जिससे कई लोग हताहत हो गए। पुलिस ने मीडिया को बताया कि बचाव दल ने घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाया।पुलिस कर्मी प्रांतीय राजधानी क्वेटा से प्रांत के हब जिले जा रहे थे। पुलिस ने कहा कि वे एक पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज में एक कोर्स में भाग लेने के बाद ईद–उल–फितर त्योहार के लिए घर आ रहे थे तभी यह हादसा हुआ।

# हीमोफीलिया के इलाज में बेहद काम की है जेनेटिक टेस्टिंग



**नई दिल्ली,एजेंसी।** हीमोफीलिया को पहचानने और उसके इलाज में मदद करने के लिए जेनेटिक टेस्टिंग एक महत्वपूर्ण उपकरण हो सकता है। लेकिन बहुत सारे लोग इसके बारे में जानते नहीं हैं कि जेनेटिक टेस्टिंग क्या है और इसे कैसे करवाया जाता है। इस लेख में हम हीमोफीलिया के जेनेटिक टेस्टिंग के बारे में जानकारी देंगे जो अस्पतालों में विशेषज्ञ द्वारा कराया जाता है।

हीमोफीलिया एक जेनेटिक रोग होता है जिसमें खून के थक्कों की कमी होती है। इस रोग में रक्तस्राव ज्यादा होता है, जो ज्यादातर पुरुषों को प्रभावित करता है। जेनेटिक रोग होने के कारण जेनेटिक टेस्टिंग इस रोग के मरीजों के लिए एक महत्वपूर्ण इलाज का माध्यम हो सकता है। इस लेख में, हम जानेंगे कि हीमोफीलिया के लिए जेनेटिक टेस्टिंग से संबंधित डॉस और डोंट्स क्या हैं।

जेनेटिक टेस्टिंग रोगी के बच्चों के लिए जेनेटिक रिस्क का मूल्यांकन करने में मदद करता है और इससे उन्हें उचित उपचार योजना तैयार करने में मदद मिलती है। गर्भवती महिलाओं के लिए, जेनेटिक टेस्टिंग एक महत्वपूर्ण उपकरण है जो इस बात का पता लगाने में मदद करता हैहीमोफीलिया के जेनेटिक टेस्टिंग से पता चलता है कि किस प्रकार की जेनेटिक विकारता के कारण रोगी को यह समस्या हो रही है। यह सुनिश्चित करता है कि सही उपचार उपलब्ध हो जाएगा और रोगी का उपचार समय पर शुरू हो सकेगा। इसके साथ ही, जेनेटिक टेस्टिंग के बाद रोगी को उपचार के बारे में समझाया जा सकता है।

रिस्क का अंदाजा लगानाः जीनेटिक टेस्टिंग से, व्यक्ति को यह पता चलता है कि उनके बच्चों में हेमोफिलिया का खतरा कितना है। इस बात को जानना महत्वपूर्ण है ताकि उन्हें अपने बच्चों की देखभाल करने के लिए तैयारी हो सके।

जेनेटिक टेस्टिंग से हीमोफिलिया की जांच की जा सकती है। यह टेस्ट रक्त में विशिष्ट गैर संतुलित प्रोटीन के लिए जांच करता है, जो रक्त स्राव को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। जेनेटिक टेस्टिंग से यह भी पता चलता है कि रोग किस प्रकार के होते हैं और उनका इलाज कैसे किया जाना चाहिए।

# प्रमुख वैश्विक संबंधों में भारत और रूस का रिश्ता सबसे स्थिर हैः एस.जयशंकर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को भारत–रूस संबंध को प्रमुख वैश्विक संबंधों में सबसे स्थिर संबंध बताया। इसके साथ ही, उन्होंने द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग बढ़ाने और व्यापार असंतुलन के मुद्दे को दूर करने की बात कही।

रूसी उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव की उपस्थिति में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि रूस के संसाधन और प्रौद्योगिकी भारत के विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इसी समय, जयशंकर ने भारत और रूस के बीच आर्थिक पहलु को असंतुलित व्यापार के मुद्दे पर तत्काल रूप से बातचीत करने को कहा। असंतुलित व्यापार का मतलब है कि बाजार, गैर–टैरिफ और भुगतान या रसद से जुड़ी बाधाओं को दूर करना।

यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद भी भारत और रूस के बीच व्यापार संबंध बढ़ रहे हैं। जयशंकर ने कहा, "मुझे लगता है कि हमें व्यापार में छोटी और मध्यम अवधि की चुनौतियों के बारे में भी ईमानदार होना चाहिए।" उन्होंने कहा, "हमें आर्थिक सहयोग के भविष्य के लिए दूसरे साथी के दृष्टिकोण से देखने की इच्छा और क्षमता की आवश्यकता है। साथ ही, इसके समाधान के साथ सामने आना चाहिए, जो इन बाधाओं को दूर करे सके।"

जयशंकर ने कहा कि दोनों पक्षों ने पिछले साल उर्वरक व्यापार में अधिक पारस्परिक रूप से काफी बेहतर तरीके से रास्ते खोजे। जयशंकर ने कहा, "अगर हम उर्वरक जैसे क्षेत्र को देख सकते हैं, तो सहयोग और पारस्परिकता की समान भावना को अन्य क्षेत्रों में लागू किया जा सकता है और समाधान ढूंढ़ा जा सकता है।"

विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि भारत–रूस संबंध प्रमुख वैश्विक संबंधों में सबसे स्थिर है। भारत–रूस व्यापार में भाग लेने वालों ने अंतर–सरकारी आयोग (आईजीसी) सहित दो–तरफा आर्थिक सहयोग को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। उप प्रधानमंत्री मंटुरोव ने कहा, "आईजीसी दोनों देशों के विशेष विभागों और संगठनों की भागीदारी के साथ रूसी–भारतीय एजेंडे पर सामयिक मुद्दों की व्यापक चर्चा के लिए एक अनूठा तंत्र है।" उन्होंने कहा, "हम न केवल व्यापार और आर्थिक संबंधों के बारे में बात कर रहे हैं, बल्कि बातचीत के मानवीय क्षेत्रों जैसे शिक्षा और संस्कृति के बारे में भी बात कर रहे हैं।"

## दिल्ली में सिलेंडर फटने से गिरी इमारत, आठ घायल

**नई दिल्ली , एजेंसी।** बाहरी दिल्ली के कुंवर सिंह नगर इलाके में सोमवार तड़के सिलेंडर फटने से एक रिहायशी इमारत गिर गई जिसमें आठ लोग घायल हो गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के निदेशक अतुल गर्ग के अनुसार, घटना सुबह करीब 5:15 बजे हुई और कथित तौर पर एलपीजी सिलेंडर विस्फोट के कारण हुई। गर्ग ने कहा, विस्फोट के प्रभाव से इलाके के ब्लॉक–डी1 स्थित इमारत ढह गई। नतीजतन, घटना के समय घर के अंदर मौजूद आठ लोग घायल हो गए।जनता और पीसीआर की मदद से डीएफएस कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया।

## फर्जी आईएएस अधिकारी कोलकाता से गिरफ्तार

**कोलकाता , एजेंसी।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) का अधिकारी बनकर कई लोगों के साथ ठगी करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। कोलकाता पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। शांता कुमार को कोलकाता पुलिस के उत्तर और उत्तर उपनगरीय डिवीजन के तहत बटरेला पुलिस स्टेशन की पुलिस ने रविवार देर रात गिरफ्तार किया था।

पुलिस सूत्रों ने कहा कि कुमार को पिछले साल उसके खिलाफ मिली एक शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। वह मूल रूप से बेलियाघाट का रहने वाला है, लेकिन वर्तमान में वह कोलकाता के दक्षिणी बाहरी इलाके हरिदेवपुर इलाके में रहता है, जहां से उसे गिरफ्तार किया गया।कुमार के पास कई वाहन हैं, जिनमें वह राज्य सचिवालय और शहर की पुलिस के नकली स्टिकर लगाकर घूमता था।जानकारी के मुताबिक, मंजू घोष ने पिछले साल बटरेला पुलिस स्टेशन में संता कुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। घोष ने आरोप लगाया कि खुद को आईएएस अधिकारी बताने वाले कुमार ने राजारहाट मेगासिटी इलाके में विशेष कोटा के तहत दो फ्लैट देने का वादा किया था।

# हौथी विद्रोहियों और यमनी सरकार के बीच हुआ नया कैदी अदला–बदली समझौता

**अदन , एजेंसी।** यमन के हौथी विद्रोहियों ने देश की सरकार के साथ एक नया कैदी अदला–बदली समझौता किया है, जिसके चलते देश में चल रहे संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की उम्मीद जगी है। यह कदम ईरान समर्थित हौथियों और सऊदी समर्थित यमनी सरकार द्वारा कैदियों की अदला–बदली को सफलतापूर्वक पूरा करने के कुछ घंटों बाद आया है, जिसमें दोनों पक्षों के 887 कैदियों और बंदियों को रिहा कर दिया गया था।

कैदियों के मामलों के लिए हौथी समिति के प्रमुख अब्दुल–कादर अल–मोतार्दा ने रविवार को सना की हौथिस–नियंत्रित यमनी राजधानी में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, एक आगामी सौदे में विरोधी पक्ष के 700 कैदियों के बदले में 700 बंदियों की रिहाई शामिल होगी।

हौथी अधिकारी ने आदान–प्रदान के समय और यमनी सरकार के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने के बारे में विवरण नहीं दिया।अब तक, यमनी सरकार और रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति (आईसीआरसी) दोनों, जो हाल ही में समाप्त स्वैप सौदे में सहमति के अनुसार बंदियों के परिवहन के लिए जिम्मेदार थे, ने हौथी घोषणा पर कोई टिप्पणी नहीं की है।यमन में लंबे समय से चल रहे संघर्ष को हल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम में, यमनी सरकारी बलों और हौथी विद्रोहियों ने पहले ही दिन कैदियों की तीन दिवसीय अदला–बदली सफलतापूर्वक पूरी कर ली।

## महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार समारोह में 'हीटवेव से 11 लोगों की मौत

**मुंबई , एजेंसी।** नवी मुंबई के खारघर में रविवार को महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार समारोह के दौरान 'हीटवेवइ के चलते 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से अधिक लोगों को गर्मी से संबंधित स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण अस्पताल ले जाया गया। वहीं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एमजीएम अस्पताल का दौरा किया जहां मरीजों का इलाज किया जा रहा है। वर्तमान में 24 लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। जानकारी है कि मुख्यमंत्री शिंदे ने मृतकों के परिजनों को 5–5 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है।

# सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली मेट्रो फेज–4 का काम रोकने से किया इनकार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण के निर्माण कार्य को रोकने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि मेट्रो निर्माण के किसी भी काम में किसी तरह के हस्तक्षेप से लागत में भारी वृद्धि हो सकती है। बता दें कि यह निर्देश मेट्रो निर्माण कार्य के खिलाफ याचिका पर आया है।

जस्टिस बी आर गवई और विक्रम नाथ की पीठ ने कहा कि पर्यावरण की चिंता जरूरी, लेकिन मेट्रो रेलवे जैसे विकास कार्यों की अनदेखी नहीं की जा सकती है। कोर्ट ने मेट्रो की अहमियत बताते हुए कहा कि मेट्रो बनने से अरबों लोगों की जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा। साथ ही सड़क पर वाहनों की संख्या कम हो जाएगी, जिसके कारण कार्बन उत्सर्जन कम होगा।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन फेज–क्ष पर तेजी से काम कर रहा है। इसके अंडरग्राउंड स्टेशंस को परंपरागत 'कट एंड कवर' टेक्नोलॉजी से बनाया जा रहा है। वहीं, सुरंग के लिए खास मशीनें यूज हो रही हैं। आपको बता दें कि दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण में छह कॉरिडोर होंगे, जिसमें एरोसिटी से तुगलकाबाद, इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ, लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक, मुकुंदपुर से मौजपुर, जनकपुरी वेस्ट से आरके आश्रम और रिठाला से बवाना और नरेला शामिल हैं।

# बीसीसीआई ने घरेलू आयोजनों की इनामी राशि बढ़ाई






मुंबई ,। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पुरुषों और महिलाओं के सीनियर घरेलू टूर्नामेंटों के लिये पुरस्कार राशि में भारी बढ़ोतरी की घोषणा की।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बताया कि पुरुषों की पुरस्कार राशि में जहां 60 प्रतिशत से 300 प्रतिशत के बीच बढ़ोतरी हुई है, वहीं महिलाओं के दो आयोजनों में 700 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी देखी गयी है।

रणजी ट्रॉफी चैंपियन टीम की इनामी राशि दो करोड़ रुपये से बचाकर पांच करोड़ रुपये कर दी गयी है, जबकि हारने वाली फ़ाइनलिस्ट और सेमीफ़ाइनलिस्ट टीमों को क्रमशः तीन करोड़ (पहले एक करोड़) और एक करोड़ (पहले 50 लाख) रुपये दिये जायेंगे।

घरेलू एकदिवसीय टूर्नामेंट विजय हज़ारे ट्रॉफी की इनामी राशि को 30 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ कर दिया गया है, जबकि उपविजेता को 15 लाख के बजाय 50 लाख रुपये दिये जायेंगे। घरेलू टी20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी की इनामी राशि में सबसे बड़ी बढ़ोतरी देखने को मिली है जहां विजेता को 80 लाख (पहले 25 लाख) और उपविजेता को 40 लाख (पहले 10 लाख) रुपये से पुरस्कृत किया जायेगा।

महिला सीनियर वनडे और टी20 ट्रॉफी चैंपियन और उपविजेता आखिरकार एक महत्वपूर्ण पुरस्कार राशि अर्जित करना शुरू कर देंगी। नतीजतन, महिला एकदिवसीय चैंपियन टीम रुपये 50 लाख (पहले छह लाख) कमाएगी जबकि टी20 चैंपियन टीम को 40 लाख (पहले पांच लाख) रुपये का इनाम दिया जाएगा।

# जुबा संघा, ईमी की बड़ी जीत



नयी दिल्ली ,। जुबा संघा और ईमी हीरोज ने रविवार को फुटबॉल दिल्ली बी–डिवीजन लीग के एकतरफा मुकाबलों में क्रमशः दिल्ली कैंट और यूनाइटेड एफसी को 8–0 और 8–1 से रौंद डाला।

जुबा संघा के मैन ऑफ द मैच महिप अधिकारी ने तिकड़ी जमाई। ईमी सात अंकों के साथ शीर्ष पर चल रही है।

अमन सिंह को दो गोल जमाने पर मैन ऑफ द मैच आंका गया। नेहरू स्टेडियम पर खेले गये दिन के अन्य मैचों में लोदी एथलेटिक्स क्लब ने हंस क्लब को प्रिंस कुमार के गोल से 1–0 से परास्त किया।

# किशन, सूर्यकुमार ने दिलाई मुंबई को जीत



मुंबई ,। खराब फॉर्म से गुजऱ रहे ईशान किशन (25 गेंद, 58 रन) और सूर्यकुमार यादव (25 गेंद, 43 रन) की आतिशी पारियों से मुंबई इंडियन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाईट राइडर्स (केकेआर) को पांच विकेट से मात दी।

केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए वेंकटेश अय्यर (51 गेंद, 104 रन) के विस्फोटक शतक की बदौलत 20 ओवर में 185 रन बनाये, हालांकि अन्य बल्लेबाजों की नाकामी के कारण उनका यह सैकड़ा काम न आया और मुंबई ने 17.4 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

सलामी बल्लेबाज किशन ने 25 गेंद पर पांच चौकों और पांच छक्कों की मदद से 58 रन बनाये, जबकि रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में कप्तानी कर रहे सूर्यकुमार यादव ने 25 गेंद पर चार चौकों और तीन छक्कों के साथ 43 रन की पारी खेली।

मुंबई इस समय अंक तालिका में दो जीत और दो हार के साथ आठवें स्थान पर है, जबकि केकेआर पांच मैचों में दो जीत और तीन हार के साथ पांचवें पायदान पर है।

मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज नारायण जगदीशन को शून्य रन पर आउट कर दिया, लेकिन अय्यर पहली ही गेंद से आक्रामक नजऱ आये। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज़ (12 गेंद, आठ रन) और कप्तान नीतीश राणा (10 गेंद, पांच रन) दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके, लेकिन अय्यर ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए केकेआर को पावरप्ले में 57 रन तक पहुंचाया।

लगातार गिरते विकेटों के बीच केकेआर को साझेदारी की जरूरत थी जो शार्दुल ठाकुर और अय्यर के बीच देखने को मिली। अय्यर ने 23वीं गेंद पर चौका जडक़र अपना अर्द्धशतक पूरा किया और इसके बाद ठाकुर के साथ चौथे विकेट के लिये 50 रन जोड़े। ठाकुर ने पवेलियन लौटने से पहले 11 गेंद पर 13 रन बनाये।

केकेआर 14 ओवर में 135/4 का स्कोर खड़ा करके 200 रन की ओर अग्रसर थी लेकिन मुंबई के गेंदबाजों ने अंतिम ओवरों में बेहतरीन गेंदबाजी की। ऋतिक शौकीन के 15वें ओवर में मात्र पांच रन बने, जबकि पीयूष चावला ने 16वें ओवर में छह रन दिये। जैनसेन के 17वें ओवर में नौ रन बने लेकिन राइली मेरेडिथ ने 18वें ओवर में महज़ पांच रन देकर अय्यर का बड़ा विकेट चटका लिया। अय्यर ने 51 गेंद पर छह चौकों और नौ छक्कों की मदद से 104 रन बनाये। इसी के साथ वह ब्रेंडन मैकुलम (2008) के बाद केकेआर के लिये शतक जडऩे वाले पहले बल्लेबाज भी बन गये।

रिंकु सिंह आउट होने से पहले 18 गेंद पर 18 रन ही बना सके, जिसके बाद आंद्रे रसेल (11 गेंद, नाबाद 21 रन) ने केकेआर को 20 ओवर में 185/6 के स्कोर तक पहुंचाया।

# सैमसन–हेटमायर ने रॉयल्स को दिलाई रोमांचक जीत



अहमदाबाद । कप्तान संजू सैमसन (32 गेंद, 60 रन) और शिमरन हेटमायर (26 गेंद, नाबाद 56 रन) के आतिशी अर्द्धशतकों की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रोमांचकारी मुकाबले में गुजरात टाइटन्स को तीन विकेट से शिकस्त दी।

गुजरात ने पहले बल्लेबाजी रॉयल्स के सामने 178 रन का लक्ष्य रखा, जिसे रॉयल्स ने चार गेंद रहते हुए हासिल कर लिया।

कप्तान सैमसन ने 32 गेंद पर तीन चौके और छह छक्के लगाकर 61 रन बनाये, हालांकि उनके आउट होने के बाद भी रॉयल्स को पांच ओवर में 64 रन की दरकार थी। हेटमायर ने यहां से 26 गेंद पर 56 रन की पारी खेलकर गलाकाट प्रतियोगिता में रॉयल्स की जीत सुनिश्चित की।

इस सांस रोक देने वाले मुकाबले के अंतिम दो ओवरों में रॉयल्स को 23 रन की ज़रूरत थी। मोहम्मद शमी ने 19वें ओवर में 16 रन दिये, लेकिन ध्रुव जुरेल और रविचंद्रन अश्विन के महत्वपूर्ण विकेट भी निकाले। रॉयल्स को आखिरी ओवर में सात रन की जरूरत थी और हार्दिक पांड्या ने हेटमायर को रोकने के लिये गेंद नवागंतुक स्पिनर नूर अहमद को दी। हेटमायर को हालांकि इससे कोई फर्क नहीं पड़ा और उन्होंने ओवर की दूसरी गेंद पर विजयी छक्का जड़ दिया।

रॉयल्स पांच मैचों में चार जीत और एक हार के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है, जबकि गुजरात तीन जीत और दो हार के साथ तीसरे स्थान पर है।

# चलते मैच में भिड़े केकेआर के राणा और एमआई के ऋतिक, अंपायर ने दोनों पर की कार्रवाई



मुंबई ,। आईपीएल 2023 में कोलकाता नाइटराइडर्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला खेला गया। इस मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ी भिड़ भी गए थे। दरअसल, लाइव मैच में कोलकाता के कप्तान नीतीश राणा और मुंबई के ऋतिक शौकीन के बीच भिड़ंत हो गई थी। इसके बाद अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने दोनों खिलाडिय़ों पर भारी जुर्माना लगाया है।

दरअसल, मैच के दौरान ऋतिक ने नीतीश को रमनदीप सिंह के हाथों कैच कराया था। इसके बाद जब 29 साल के नीतीश वापस पवेलियन की ओर लौटने लगे तो 22 साल के ऋतिक ने कुछ शब्द बोले थे। इस पर नीतीश भडक़ गए और उन्होंने ऋतिक को बैट दिखाते हुए कुछ जवाब दिया था। बाद में मुंबई के स्टैंड–इन–कैप्टन सूर्यकुमार यादव ने बीच–बचाव करते हुए दोनों के झगड़े को रोका था। इसके बाद नीतीश वापस पवेलियन लौट गए।

अब मैच रेफरी ने इस घटना का संज्ञान लेते हुए दोनों को दोषी पाया और दोनों पर जुर्माना लगाया है। नीतीश पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया, जबकि ऋतिक पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। नीतीश को आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल वन ऑफेंस के आर्टिकल 2.21 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। वहीं, ऋतिक को आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल वन ऑफेंस के आर्टिकल 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल–वन के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर मैच रेफरी का निर्णय अंतिम होता है। इतना ही सूर्यकुमार यादव पर भी स्लो ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगा। इससे पहले स्लो ओवर रेट के लिए हार्दिक पांड्या, संजू सैमसन पर भी 12 लाख रुपये का जुर्माना लग चुका है।

## फिल्मी सफर

# अनुपम खेर और विद्युत जामवाल की फिल्म आईबी71 का टीजर जारी




विद्युत जामवाल और अनुपम खेर ने अपनी अगली फिल्म आईबी71 का टीजर साझा किया है। यह फिल्म 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी है और एक रोमांचक स्पाई थ्रिलर फिल्म है। बीते दिनों बॉलीवुड में कई दिलचस्प स्पाई थ्रिलर फिल्में देखने को मिलीं। विद्युत ने 2021 में इस फिल्म की घोषणा की थी। अब आखिरकार फिल्म की पहली झलक देखने को मिली है। इसे देखकर दर्शक भी रोमांचित हैं।

टीजर से पता चलता है कि फिल्म भारत–पाकिस्तान युद्ध के दौरान एक खुफिया मिशन पर आधारित है। अनुपम एक अफसर के किरदार में और विद्युत एक अंडरकवर एजेंट के रूप में नजर आ रहे हैं। टीजर में कहा जाता है कि ऐसा मिशन दुनिया के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। इसे शेयर करते हुए अनुपम ने लिखा, प्रस्तुत है भारत का सबसे खुफिया मिशन, जिसने हमें 1971 की जंग में जीत दिलाई थी। फिल्म 12 मई को रिलीज होगी।

यह फिल्म विद्युत की अपनी प्रोडक्शन कंपनी एक्शन हीरो फिल्म्स की पहली फिल्म है। विद्युत ने 2021 में अपना प्रोडक्शन हाउस चालू किया था। इसके बाद उन्होंने इस फिल्म का ऐलान किया था। विद्युत ने रिलायंस एंटरटेनमेंट और टी–सीरीज के साथ मिलकर इस फिल्म का निर्माण किया है। गाजी के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुके निर्देशक संकल्प रेड्डी ने फिल्म का निर्देशन किया है। फिल्म में मर्दानी 2 और सलाम वेंकी में नजर आ चुके विशाल जेठवा भी नजर आएंगे।

पिछले साल द कश्मीर फाइल्स रिलीज होने के कुछ दिन बाद ही अनुपम इस युद्ध आधारित फिल्म से जुड़े थे। फिल्म से जुडऩे पर खुशी जताते हुए अनुपम ने कहा था, ऐतिहासिक परिणामों को बताने वाली आईबी71 में शामिल होकर मुझे बेहद खुशी हो रही है। यह एक ऐसी कहानी है, जिस पर बहुत बढिय़ा रिसर्च की गई है। जिस समय की यह फिल्म है, उस वक्त मैं टीनएजर था।

अनुपम पिछली बार शिव शास्त्री बलबोआ में नजर आए थे। उनकी आने वाली फिल्मों की बात करें तो वह कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी का हिस्सा हैं। वह लाइफ इन अ मेट्रो के सीक्वल मेट्रों इन दिनों में काम कर रहे हैं। इस फिल्म में उन्होंने गाना भी गाया है।

# राजा कुमारी 28 अप्रैल को नया एल्बम द ब्रिज रिलीज करेंगी

ग्रैमी–नॉमिनेटेड हिप–हॉप आर्टिस्ट राजा कुमारी, जिन्हें सिटी स्लम्स, हुस्न परचम, मेनिफेस्ट और कई अन्य हिट ट्रैक के लिए जाना जाता है, वह 28 अप्रैल 2023 को द ब्रिज शीर्षक से अपना एल्बम जारी करने के लिए तैयार हैं। रैपर राजा कुमारी ने सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों के साथ यह खबर साझा की। उन्होंने अपने एल्बम की कवर इमेज शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, प्राचीन से भविष्य तक पश्चिम से वापस पूर्व तक, संगीत यूएस और भगवान के बीच का ब्रिज है। द ब्रिज। 28 अप्रैल 2023 (एसआईसी)।एल्बम में 9 गाने शामिल हैं जिन्हें उसने विभिन्न देशों में महामारी के दौरान रिकॉर्ड किया था। राजा कुमारी हाल ही में ऑल ऑफ मी हिटमेकर जॉन लीजेंड के साथ मुंबई और दिल्ली में शानदार प्रदर्शन करने के लिए चर्चा में थीं।एल्बम को राजा कुमारी के लेबल गॉडमदर रिकॉर्डस के तहत रिलीज किया जाएगा,

# न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल के लिए चुनी गई राधिका मदान की फिल्म सना



राधिका मदान की फिल्म सना को 11 से 14 मई तक होने वाले 23वें न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में आधिकारिक प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। इस फिल्म में सोहम शाह, शिखा तलसानिया और पूजा भट्ट हैं। यह उत्तरी अमेरिका का सबसे पुराना और सबसे प्रतिष्ठित फिल्म महोत्सव है, जिसमें भारत और प्रवासी भारतीयों के सिनेमा को दिखाया जाता है। त्योहार वैश्विक भारतीय समुदाय से सिनेमा का जश्न मनाता है।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देश-क सुधांशु सरिया द्वारा निर्देशित फिल्म राधिका मदान द्वारा अभिनीत एक 28 वर्षीय महिला की कहानी है, जो अनसुलझे आघात के कारण आंतरिक लड़ाई लड़ रही है।

निर्देशक सुधांशु सरिया ने कहाः न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में आधिकारिक प्रतियोगिता के लिए सना का चयन करना एक बड़ा सम्मान है। यह फेस्टिवल भारतीय डायस्पोरा से स्वतंत्र सिनेमा का एक पुराना चैंपियन रहा है, और हम इसे लेकर रोमांचित हैं। हमारी फिल्म इस तरह के विविध और सम्मोहक कार्यों के साथ प्रदर्शित हुई। मैं उत्सव में भाग लेने और साथी फिल्म निर्माताओं और दर्शकों के साथ जुडऩे के लिए उत्साहित हूं।

इससे पहले फिल्म को 26वें तेलिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल और 38वें सांता बारबरा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था।

# डीनो मोरिया का खूंखार विलन वाला लुक आया सामने, साउथ की फिल्म एजेंट में मारी धांसू एंट्री



जब एक्टर डिनो मोरिया ने एक वेब शो में नेगेटिव किरदार अदा किया था, तब हम सभी ने ऑन स्क्रीन उनके एक नए अवतार को देख चुके थे और अब, एक बार फिर वे अपनी तेलुगू पहली मूवी एजेंट में अपने एक ऐसे अवतार में दिखाई देने वाले है जिसे देख सब का दिल दहल जायेगा। इस मूवी से डीनो के लुक को आउट किया गया है जिसे देख यह अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि वे इस मूवी नेवर सीन बिफोर वाले अवतार में दिखाई देने वाली है।उनका लुक इस मूवी में बाकि विलेन से बहुत ही अलग और हटकर है, जो आपको डराने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। और उनका यह लुक हमें आधुनिक संस्करण के शैबानी खान की याद भी दिलवा रहा है। इस बारे में डीनो बोलते है , खुद को एक खलनायक के रूप में ढालना कभी मेरे लिए आसान नहीं था, खासकर जब लोगों ने आपको लवर बॉय के रूप में देखा है। परन्तु मूवी एजेंट में मुझे एक्शन के प्रति अपने प्यार को एक्सप्लोर करने का मौका भी मिल चुका है। मैं इस मूवी में जबरदस्त एक्शन किये हैं। मुझे यकीन है कि लोग इसे उतना ही पसंद करेंगे जितना वे शैबानी खान को पसंद किया था।एजेंट एक स्पाई थ्रिलर है, जिसका निर्देशन सुरेंद्र रेड्डी ने किया है। इसमें डीनो मोरिया के साथ मम्मूटी और अखिल अक्किनेनी भी प्रतिपक्षी के रूप में बने हुए है। जिसके साथ साथ डीनो मूवी बांद्रा से मलयालम में भी डेब्यू कर रहे हैं। मूवी में दिलीप और तमन्ना भाटिया भी हैं।

# स्त्री 2 का मजेदार टीजर आया सामने



राजकुमार राव की फिल्म स्त्री के सीक्वल की चर्चा लंबे समय से हो रही है। दबी जुबां अकसर इस फिल्म पर बात होती थी, पर इसकी पुष्टि तब हो गई, जब फिल्म भेडिय़ा के क्लाइमैक्स में राजकुमार और अपारशक्ति खुराना नजर आए थे। कुछ दिन पहले ही जियो स्टूडियोज ने कई फिल्मों का ऐलान किया है। इसमें स्त्री 2 समेत मैडॉक फिल्म्स की कई फिल्में शामिल हैं। अब निर्माताओं ने स्त्री 2 का दिलचस्प टीजर शेयर किया है।

मैडॉक फिल्म्स ने एक मजेदार टीजर शेयर किया है। इसमें विक्की (राजकुमार) को फिर स्त्री नजर आती है और वह डर जाता है। इसके बाद श्रद्धा कपूर बताती हैं कि वहां स्त्री नहीं, बल्कि वो थीं। यह बताकर श्रद्धा गायब हो जाती हैं। वहां मौजूद पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति को एक चिी मिलती है, जिसमें बताया जाता है कि चंदेरी पर एक भयानक आफत आने वाली है। फिल्म अगले साल अगस्त में रिलीज हो रही है।

फिल्म का इंतजार कर रहे दर्शक टीजर देखकर खुश हो गए। वे सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, ओ स्त्री जल्दी आना। एक अन्य यूजर ने लिखा, चंदेरी वालों फिर से साड़ी पहनने के लिए तैयार हो जाओ। एक अन्य प्रशंसक ने लिखा कि उन्हें पहली फिल्म बेहद पसंद आई थी और उन्हें सीक्वल का बेसब्री से इंतजार है। कई लोग कॉमेंट में दिनेश विजान को कंटेंट किंग बता रहे है।

भेडिय़ा के क्लाइमैक्स सीन से पता चलता है कि अभिषेक बनर्जी का किरदार जनार्दन कोई और नहीं बल्कि स्त्री में नजर आया जना है। फिल्म के आखिर में विक्की और बिट्टू जना को लेने आते हैं।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com